रोहतक

सोमवार, 6 मई 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 99

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 41.0

न्यून. 22.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## अमरनाथ गुफा में विराजे 8 फीट के बाबा बर्फानी

**अनंतनाग(एजेंसी)।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। यह यात्रा 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं। यात्रा के लिए 15 अप्रैल से ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्राइन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। मोबाइल एप्लिकेशन से रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं तो श्री अमरनाथजी यात्रा ऐप डाउनलोड करना होगा।

29 जून से शुरू होगी 52 दिन की यात्रा

■

29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म

### सरकारी वकीलों को 'सुप्रीम' नसीहत

### विरोधी गवाह से क्रॉस एग्जामिनेशन करते समय सार्थक बहस करें

# गवाहों के बयान दर्ज करने के लिए अदालतें महज 'टेप रिकार्डर' जैसा काम नहीं करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को सुनवाई के दौरान एक सहभागी भूमिका निभानी चाहिए। गवाहों के बयान दर्ज करने के लिए 'महज टेप रिकॉर्डर' जैसा काम नहीं करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि आपराधिक अपीलों की सुनवाई के दौरान, किसी मुकर चुके गवाह से सरकारी वकील व्यावहारिक रूप से कोई प्रभावी एवं सार्थक जिरह नहीं करते हैं। न्यायाधीश को न्याय के हित में कार्यवाही की निगरानी करनी होती है और यहां तक कि सरकारी वकील के किसी भी तरह से असावधान या सुस्त होने की स्थिति में अदालत को कार्यवाहियों पर प्रभावी नियंत्रण करना चाहिए, ताकि सच्चाई तक पहुंचा जा सके।

### यह भी रखें ध्यान

लोक अभियोजन सेवा एवं न्यायपालिका के बीच संबंधों को आपराधिक न्याय प्रणाली की बुनियाद बताते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने बार-बार कहा कि सरकारी वकील आदि के पद पर नियुक्ति जैसे विषयों में राजनीतिक विचार का कोई तत्व नहीं होना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।



### इस मामले में टिप्पणी

शीर्ष कोर्ट ने 1995 में अपनी पत्नी की हत्या को लेकर एक व्यक्ति की दोष सिद्धि और उम्र कैद की सजा बरकरार रखते हुए सुनाए गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा, 'सच्चाई तक पहुंचना और न्याय प्रदान करना अदालत का कर्तव्य है। अदालतों को सुनवाई में सहभागी भूमिका निभानी होगी और गवाहों के बयानों को रिकार्ड करने के लिए महज टेप रिकॉर्डर के तौर पर काम नहीं करना नहीं होगा।' न्यायालय ने कहा कि अदालत को अभियोजन एजेंसी के कर्तव्य में लापरवाही और गंभीर चूक के प्रति सचेत रहना होगा।

### फैसलों के खिलाफ करें अपील

बेंच के मुताबिक, सरकारी वकील, जो अभियोजन के लिए जिम्मेदार हैं और अदालत के फैसलों के खिलाफ अपील कर सकते हैं, वे केस की कार्यवाही में जजों के स्वाभाविक समकक्षों में से एक हैं। जनता के मन में यह आशंका भी रहती है कि आपराधिक मुकदमा न तो स्वतंत्र है और न ही निष्पक्ष, क्योंकि राज्य सरकार द्वारा नियुक्त पब्लिक प्रॉसिक्यूटर इस तरह से इस तरह से केस लड़ रहा होता है, जहां अक्सर अभियोजन पक्ष के गवाह मुकर जाते हैं।

### असावधानी न बरतें

पीठ ने कहा कि न्यायाधीश से उम्मीद की जाती है कि वह सुनवाई में सक्रियता से भाग लेंगे और सही निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए उपयुक्त संदर्भ में उन्हें जो कुछ जरूरी लगे, गवाहों से आवश्यक जानकारी निकालेंगे। किसी व्यक्ति के खिलाफ किया गया कोई अपराध पूरे समाज के खिलाफ अपराध है तथा इस तरह की परिस्थितियों में, न तो सरकारी वकील और ना ही सुनवाई करने वाली अदालत के न्यायाधीश किसी भी तरह से चूक या असावधानी को वहन कर सकते हैं।

### पीएम मोदी का रामलला को दंडवत प्रणाम, आरती उतारी



पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। उन्होंने प्रभू श्रीराम की आरती उतारी और दण्डवत प्रणाम किया। इसके बाद रामपथ पर खुली जीप में 2 किलोमीटर का रोड शो निकाला। भाजपा कार्यकर्ता इस दौरान जय श्रीराम के नारे लगाते रहे। स्थानीय लोगों ने पीएम का भव्य अभिनंदन किया।

(पेज - 7 भी देखें)

## 1331 प्रत्याशियों का सियासी भविष्य होगा ईवीएम में कैद

# तीसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा, 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग कल

ओ.पी. पाल ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को देश के 11 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में 122 महिलाओं समेत 1331 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में गृहमंत्री अमित शाह समेत छह केंद्रीय मंत्री, दो यूपी के मंत्री और चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इनके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, सपा नेता डिंपल यादव और सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा। इस चरण के लिए रविवार को चुनावी प्रचार खत्म हो गया। अब सोमवार को प्रत्याशी घर-घर जाकर प्रचार कर सकेंगे। अब तक दो चरणों में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। बता दें कि तीसरे चरण के 12 राज्यों की 95 सीटों पर चुनाव होना था, इसमें दूसरे चरण में बसपा प्रत्याशी के निधन के कारण स्थगित मध्य प्रदेश की बैतूल सीट का चुनाव भी शामिल है। लेकिन चुनाव आयोग ने तीसरे चरण में जम्मू कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव भी स्थगित करके छठे चरण में 25 मई को कराने का फैसला किया। गुजरात से सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित होना भी इस चरण के कार्यक्रम में बदलाव का कारण बना। अब सात मई को तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा।

## 4 पूर्व मुख्यमंत्रियों व शाह समेत 6 केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर



पटना में बीआईटी के विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने को अभियान चलाया।

### किस दल के कितने

| दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भाजपा | 82 |
| बसपा | 79 |
| कांग्रेस | 68 |
| सपा | 10 |
| टीएमसी | 06 |
| शिवसेना (यूबीटी) | 05 |
| शिवसेना (शिंदे) | 02 |
| राकांपा (सपा) | 03 |
| राकांपा (अजीत) | 03 |
| जदयू | 03 |
| राजद | 03 |
| सीपीआई (एम) | 03 |
| केआरएस | 14 |

### सीट और प्रत्याशी

| राज्य | सीट | प्रत्याशी | दागी | करोड़पति |
|---|---|---|---|---|
| असम | 4 | 47 | 8 | 15 |
| बिहार | 5 | 54 | 13 | 20 |
| छत्तीसगढ़ | 7 | 168 | 16 | 37 |
| गोवा | 2 | 16 | 4 | 6 |
| गुजरात | 25 | 265 | 36 | 67 |
| कर्नाटक | 14 | 227 | 37 | 69 |
| मध्य प्रदेश | 9 | 127 | 18 | 37 |
| महाराष्ट्र | 11 | 258 | 67 | 71 |
| उत्तर प्रदेश | 10 | 100 | 25 | 46 |
| प. बंगाल | 4 | 57 | 13 | 13 |
| दा. न. हवेली/ दमन- दीव | 2 | 12 | 4 | 5 |
| कुल | 93 | 1331 | 241 | 386 |

(13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवें, 25 मई को छठे, 1 जून को 7वें चरण के मतदान होगा। 4 जून को परिणाम आएगा।)

### ये मंत्री मैदान में

गांधीनगर से गृहमंत्री अमित शाह, पोरबंदर से स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, राजकोट से पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, धारवाड़ से संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, गुना से नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व आगरा से विधि एवं न्याय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल शामिल हैं। वहीं, मैनपुरी सीट से योगी सरकार मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह व हाथरस से अनूप वाल्मिकि भी मैदान में हैं।

### चुनाव आयोग की भी कड़ी नजर

चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। तीसरे. चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम चला रहा है। अगर इंटरनेट मीडिया पर प्रचार-प्रसार के लिए किसी तरह की पोस्ट, वीडियो या संदेश अपलोड किया या उसे फारवर्ड किया, तो उसका पता जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानिटरिंग कमेटी लगाएगी। इसके लिए साइबर सेल की मदद ली जाएगी।

### चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की अग्नि परीक्षा

मध्य प्रदेश की विदिशा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, कर्नाटक के पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई हावेरी सीट से तो बेलागावी सीट से जगदीश शेट्टार किस्मत आजमा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सीआईएससीई की 10वीं व 12वीं के नतीजे आज

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित करेगा। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुएल ने बताया, आईसीएसई 10 वीं और आईसीएस 12वीं के परिणाम की घोषणा छह मई को दिन में 11 बजे की जाएगी। भाषा

### पंजाब में बेअदबी पर तलवारों से काटकर हत्या

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के एक आरोपित को लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। यह वारदात मल्लांवाल खास कस्बे के बंडाला गांव में हुई। दुर्घटना का लाइव वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग तलवारों से आरोपित पर हमला करते दिख रहे हैं। कई लोगों ने आरोपित को पीटा और जमीन पर गिरा लिया और तलवार से काटकर उसकी हत्या कर दी। एजेंसी

### शोपियां में आतंकवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां स्थित अलूरा इमामसाहिब में दो आतंकवादी सहयोगियों को पकड़ा गया है। शोपियां पुलिस ने बताया कि उन्होंने सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के साथ मिलकर दोनों आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन, 8 राउंड और दो चीनी हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एजेंसी

### नकली मसाला बनाने वाली दो यूनिट पकड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करावल नगर में दो नकली मसाला बनाने वाली मैन्युफैक्टरिंग यूनिट पकड़ी है। यहां से 15 टन मिलावटी मसाले और कच्चा माल मिला है। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों की पहचान दिलीप सिंह उर्फ बंटी, खुर्शीद मलिक और सरफराज के रूप में हुई है। जब्त सामान में मिलावटी हल्दी, गरम मसाला व जामुन पाउडर शामिल हैं। एजेंसी

### नाडा ने की कार्रवाई

## डोप टेस्ट देने से मना किया तो बजरंग पूनिया निलंबित



टेस्ट के लिए एक्सपाइरी किट दी गई : बजरंग

**नई दिल्ली (भाषा)।** पहलवान बजरंग पूनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में' रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है। बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था।

## नीट में फर्जीवाड़ा: राजस्थान से मेडिकल छात्रों समेत 6 गिरफ्तार

**10** लाख में हुआ था पेपर का सौदा

**03** एमबीबीएस छात्र आरोपितों में शामिल, एक डमी कैंडिडेट के रूप में बैठा

**01** केंद्र पर हिंदी के बजाए अंग्रेजी माध्यम का पेपर थमाया गया

भाषा ▶▶| जयपुर

राजस्थान पुलिस ने भरतपुर जिले में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में परीक्षार्थी के स्थान पर अन्य के परीक्षा देने के मामले में एमबीबीएस के तीन छात्रों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मथुरा गेट पुलिस ने बताया कि मामले के मुख्य साजिशकर्ता रवि मीणा ने परीक्षार्थी राहुल गुर्जर से कथित तौर पर 10 लाख रुपये लिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अकलेश कुमार ने बताया कि एक परीक्षा केंद्र पर अभिषेक को राहुल गुर्जर की जगह परीक्षा देते पाया गया। पर्यवेक्षक को संदेह होने पर उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि इस काम में उसके साथ पांच अन्य लोग भी शामिल हैं।' बाकी पांच लोग परीक्षा केंद्र के बाहर एक कार में बैठे थे। सभी आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने अभिषेक, रवि, अमित, दयाराम, सूरज सिंह और राहुल गुर्जर को हिरासत में लिया है। इसबीच सवाई माधोपुर में, एक केंद्र पर नीट परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों ने शिकायत की कि उन्हें हिंदी माध्यम के बजाय अंग्रेजी माध्यम का पेपर दिया गया और इसके विपरीत अंग्रेजी माध्यम वालों को हिंदी का पेपर दिया गया।

## करनाल के युवक की ऑस्ट्रेलिया में मौत

**करनाल/घरौंडा(हरिभूमि न्यूज)।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में गगसीना गांव के 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक के परिजनों ने मेलबर्न में रह रहे हरियाणा के ही कुछ युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। गगसीना के जितेंद्र ने बताया कि उनका बेटा नवजीत संधू मेलबर्न में स्टडी वीजा पर 2022 में गया था। शनिवार देर रात नवजीत के दोस्त ने सूचना दी की उसकी हत्या कर दी गई है। मेलबर्न में करनाल के कुछ और भी युवक रहते हैं। नवजीत एक दोस्त का सामान उठाने उनके कमरे पर गया था तो वं युवकों के बीच कुछ कहासुनी हो गई और इस दौरान उन युवकों ने उस हमला कर नवजीत हत्या कर दी।



मेलबर्न में था गगसीना का युवक

प्रदेश के ही युवकों पर हत्या करने के आरोप

### दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी : यह सुविधा लैब, स्मार्ट क्लास की तरह

*स्कूल चुनते समय अभिभावक सुविधाओं व कीमत का ध्यान रखें*

## स्कूल में एसी का खर्च अभिभावक ही उठाएं मैनेजमेंट पर आर्थिक बोझ नहीं डाल सकते

■ अभिभावक ने कहा था, एसी के नाम पर हर माह 2000 रुपये अतिरिक्त वसूल रहा स्कूल ■ छात्रों को एसी की सुविधा देने की जिम्मेदारी स्कूल की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि स्कूल में एयर कंडीशनिंग (एसी) का खर्च वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को ही उठाना होगा। एसी बच्चों की सुविधा के लिए लगाया जाता है। इसलिए, इसका आर्थिक बोझ अकेले स्कूल मैनेजमेंट पर नहीं डाला जा सकता है। कोर्ट ने 2 मई को एक अभिभावक की याचिका पर फैसला सुनाते हुए यह टिप्पणी की। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की बेंच ने कहा कि एसी का चार्ज लैबोरेटरी और स्मार्ट क्लास के लिए दी जाने वाली फीस की तरह है।

### मैनेजमेंट पर यह आरोप

दरअसल, अभिभावक ने अपनी याचिका में बताया था कि उनका बच्चा दिल्ली के एक प्राइवेट स्कूल में क्लास 9 का छात्र है। स्कूल मैनेजमेंट बच्चों की क्लास में एसी की सुविधा देने के लिए ने उनसे हर महीने 2,000 रुपये फीस वसूल रहा है। अभिभावक का तर्क था छात्रों को एसी की सुविधा देने की जिम्मेदारी स्कूल मैनेजमेंट की है। इसलिए, उन्हें अपने फंड से इसका खर्च उठाना चाहिए। हालांकि, हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी।



### यह करें अभिभावक

कोर्ट ने कहा कि सत्र 2023-34 के लिए स्कूल ने जो फीस रसीद जारी की है, उसमें एयर कंडीशनर के लिए अलग से पैसों का जिक्र है। इसलिए अभिभावकों को स्कूल चुनते समय वहां दी जाने वाली सुविधाओं और कीमत का ध्यान रखना चाहिए।






# कांग्रेस की दो नावों में सवारी कर रहे राजबब्बर, खुलकर सामने आ रही गुटबाजी

## कैप्टन की नाराजगी के बाद समर्थक फेर सकते हैं प्रत्याशी से मुंह, हुड्डा खेमे का प्रचार में वर्चस्व नहीं चाहते पार्टी के राष्ट्रीय सचिव

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

जातिगत समीकरण के आधार पर भाजपा को टक्कर देने की रणनीति में जुटे गुरुग्राम से कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर को फिलहाल कांग्रेस की दो नावों में सवारी करनी पड़ रही है। एक ओर उनके सामने नाराज चल रहे कैप्टन अजय सिंह यादव को मनाने की चुनौती है, तो दूसरी ओर हुड्डा के खास समर्थकों को साथ लेकर चलने की मजबूरी। कांग्रेस के दोनों गुटों के बीच अंदरखाने चुनाव प्रचार के दौरान वर्चस्व की जंग लगभग शुरू हो चुकी है, जिसके जल्द थमने के आसार दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं।

### बैठक में गरमाया मुद्दा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुग्राम में रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ने अपने आक्रामक चुनाव प्रचार की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं को बुलाया था। हुड्डा खेमे के समर्थकों को देखकर कैप्टन के विधायक चिरंजीव राव ने आपत्ति दर्ज कराई, तो मामला गर्म होने लगा। बाद में हुड्डा के एक खास समर्थक ने खुद बैठक से बाहर जाकर मामले को शांत किया। इससे यह बात साफ हो गई है कि कम समय में राज बब्बर के लिए दोनों गुटों को मैनेज करना आसान नहीं है। पार्टी में भीतरघात की आशंका लगातार बढ़ रही है। जिस खेमे को महत्व नहीं मिला, वहीं पार्टी प्रत्याशी को मझधार में फंसाकर दूरी नाव में छलांग लगा सकता है। विधायक



चिरंजीव राव कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव होने के नाते पिता की टिकट कटने के बावजूद राज बब्बर का खुलकर साथ निभाने का वायदा कर चुके हैं, परंतु कैप्टन के कई खास समर्थक टिकट का हिसाब चुकता करने के लिए अंतिम समय तक पाला बदल सकते हैं। सूत्रों के अनुसार कैप्टन की टिकट कटने के साथ ही अहीरवाल में उनके कुछ समर्थकों ने तो रात के अंधेरे में भाजपा प्रत्याशी के दरबार में हाजिरी लगाना भी शुरू कर दिया है। यह कार्यकर्ता भले ही पार्टी प्रत्याशी का साथ निभाने का दावा कर रहे हों, परंतु हकीकत कुछ और ही है।

**चिरंजीव नहीं चाहते विरोधी खेमे का वर्चस्व:** विधायक चिरंजीव राव राज बब्बर का खुलकर समर्थन करने के संकेत अपने समर्थकों को दे चुके हैं, लेकिन उन्हें हुड्डा के खास समर्थकों को महत्व दिया जाना जरा भी रास नहीं आ रहा है। सूत्रों के अनुसार वह इस बात को पार्टी प्रत्याशी के कानों में भी डाल चुके हैं। पार्टी प्रत्याशी के लिए हुड्डा समर्थकों को दरकिनार करना आसान नहीं है। इसका कारण यह है कि राज बब्बर को टिकट हुड्डा के प्रयासों से ही मिल सकी है। दोनों गुटों को एकमंच पर लाना राज बब्बर के लिए गले की फांस बन सकता है।

### हुड्डा गुट के नेता भी सक्रिय

गुरुग्राम से पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया व बावल से पूर्व मंत्री डा. एमएल रंगा व अहीरवाल क्षेत्र के कई नेता हुड्डा खेमे से जुड़े हुए हैं। इन नेताओं का अपना-अपना राजनीतिक वजूद भी है। कैप्टन का रेवाड़ी हलके में अच्छा दबदबा है, परंतु अन्य हलकों में वह कांग्रेस के वोट बैंक पर निर्भर रहे हैं। कैप्टन टिकट कटने के बाद पार्टी के सीनियर नेताओं से खासे नाराज चल रहे हैं। अगर राज बब्बर का प्रदर्शन कैप्टन के पिछले प्रदर्शन से बेहतर साबित होता है, तो कैप्टन के लिए यह आने वाले समय में खतरे की घंटी से कम नहीं होगा।

### राजबब्बर से ज्यादा दान सिंह को महत्व

महेंद्रगढ़-भिवानी सीट पर हुड्डा के ही खास समर्थक राव दानसिंह इस बार मैदान में हैं। हुड्डा ने किरण चौधरी की पार्टी में 'चौधर' को हाशिए पर लाते हुए दानसिंह को मैदान में उतारा है। अहीरवाल में हुड्डा गुट से जुड़े कई कांग्रेसी नेताओं का झुकाव राज बब्बर से ज्यादा राव दानसिंह की ओर है। उनके नामांकन के समय भी जिले से बड़ी संख्या में हुड्डा समर्थकों का रुख महेंद्रगढ़ की ओर हो गया था। ऐसे में यह समर्थक प्रचार मैदान में राज बब्बर को छोड़कर दान सिंह का साथ निभा सकते हैं।

---

**सियासी हलचल**

### सोशल मीडिया पर टीमें रखें विशेष फोकस : अग्रवाल



**चंडीगढ़।** मुख्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के जिलों में गठित सोशल मीडिया की निगरानी टीमों के अधिकारी सोशल मीडिया पर विशेष फोकस रखें, सोशल मीडिया पर आने वाले विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा।उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिलों में गठित टीमें इस बारे लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें और किसी भी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देना सुनिश्चित करें। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा।

### मतदान से एक दिन पहले विज्ञापन को अनुमति जरूरी

**चंडीगढ़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार या राजनीतिक दल को एमसीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा, इसलिए मतदान से पहले 24 मई व मतदान के दिन 25 मई के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार प्रस्तावित विज्ञापन का प्रमाण पत्र अवश्य लें। अन्यथा यह आदर्श आचार संहिता की अवहेलना मानी जाएगी।

---

**सिरसा में एक-दूसरे को घेरने में जुटे प्रत्याशी**

# मुद्दे छोड़कर पिछले कामों को गिनवाने में जुटे उम्मीदवार

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

सिरसा संसदीय सीट पर लोकसभा चुनावों को लेकर प्रमुख राजनीतिक दलों के समर्थकों की धड़कने बढ़ने लगी है। पिछली बार जहां जातिगत राजनीति व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि को खूब भुनाया गया था, इस बार परिस्थितियां बिलकुल उसके विपरीत हैं। जातिगत समीकरण न बनते देख अब एक प्रमुख पार्टी के समर्थक अपने कामों को गिनवाने में लग गए हैं जबकि इसके साथ ही दूसरी प्रमुख पार्टी ने भी अपने कार्यकाल में हुए कार्यों का बखान शुरू कर दिया है।

- कांग्रेस ने फेंका 'तरूप का पत्ता' तो इनेलो को जमीन बचानी हो रही मुश्किल

### आरोप-प्रत्यारोप का दौर

एक तरफ कांग्रेसी जहां भाजपा से 10 सालों में किए गए काम का हिसाब मांग रहे हैं वहीं दूसरी ओर भाजपाई भी पीछे नहीं है। वे भी कांग्रेस के 70 सालों को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इनेलो प्रत्याशी अपनी खोई हुई जमीन की तलाश में है तो जजपा प्रत्याशी अपनी पार्टी की साख बचाने की कोशिशों में लगे हैं। सिरसा (सुरक्षित) लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा कांग्रेस व इनेलो ने बाजी मारी है। इसके बावजूद इस बार इनेलो का यहां कुछ ज्यादा 'टैम्पो' बनता नहीं दिख रहा जबकि कांग्रेस ने 26 साल बाद यहां कुमारी सैलजा को आगे करके 'तरूप का पत्ता' फेंका है। इसके बावजूद चुनाव जातिगत राजनीति की बजाय लोकल मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। अभी तक भाजपा और कांग्रेस अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित मानकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। खास बात यह है कि प्रमुख चार उम्मीदवारों में से इनेलो के संदीप लोट ही सिरसा लोकसभा से सम्बंध रखते हैं। सैलजा 26 साल बाद यहां आई तो भाजपा के अशोक तंवर झज्जर जिले से हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बाहरी उम्मीदवार सुनीता दुग्गल को भाजपा ने यहां से मैदान में उतारा तो उन्होंने कांग्रेस के डा. अशोक तंवर को करीब 3 लाख 9 हजार वोटों के अंतर से हराया।इस बार चुनाव प्रचार में सभी राजनीतिक दलों के नेता जातिवाद को किसी तरह से बढ़ावा नहीं देना चाहते। राजनीतिक समीकरण भी इस हिसाब से बने हैं, कांग्रेस व भाजपा दोनों के प्रत्याशी एक ही समुदाय से सम्बंध रखते हैं। मुख्य मुकाबला भी भाजपा और कांग्रेस के बीच दिखाई दे रहा है।



### 8 बार कांग्रेस तो 6 बार इनेलो उम्मीदवार जीते

सिरसा लोकसभा क्षेत्र में 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें 19 लाख 20 हजार मतदाता है। हरियाणा गठन के बाद 1967 से लेकर 2019 तक इस सीट पर 14 आम जबकि 1 उपचुनाव हुआ है। 8 बार कांग्रेस के सांसद चुने गए तो 6 बार इनेलो के उम्मीदवार सांसद बने। पहली बार 2019 में यहां पर कमल खिला। कुमारी सैलजा के पिता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री दलबीर सिंह सर्वाधिक 4 बार सांसद चुने गए तो 2 बार कुमारी सैलजा स्वयं यहां से सांसद निर्वाचित हुई। सबसे अधिक वोटों से जीतने का रिकॉर्ड 2019 में बना। उस चुनाव में भाजपा की सुनीता दुग्गल ने कांग्रेस के उम्मीदवार डा. अशोक तंवर को करीब 3 लाख 9 हजार वोटों के अंतर से हराया।

### तीन बार विधायक रहे चुके जेजेपी उम्मीदवार

रमेश खटक तीन बार बड़ौदा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। 1 जनवरी 1966 को बड़ौदा में जन्मे रमेश खटक ने करनाल से ग्रेजुएट किया। 1986 में चौधरी देवीलाल के न्याय युद्ध से प्रभावित होकर वो राजनीति में आए। 1991 में जनता पार्टी की टिकट पर बड़ौदा से चुनाव लड़ा और 30133 वोट हासिल की। 10836 वोटों के अंतर से रमेश खटक विधायक चुने गए। 1996 में सोशल एक्शन पार्टी से चुनाव लड़ते हुए उन्होंने हरियाणा विकास पार्टी के चंद्रभान को 1984 वोटों के अंतर से पराजित किया। इसी तरह से साल 2000 में इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ते हुए उन्होंने 12 हजार 20 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

---

# कांग्रेस झूठ फैलाकर जनता को भ्रमित कर रही : मुख्यमंत्री



**फरीदाबाद।** भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में आयोजित सभा में कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए सीएम नायब सैनी ने कहा कि काग्रेस झूठ का नेरेटिव सैट करके जनता को भ्रमित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस को अच्छी तरह से जान चुकी है कि कांग्रेस के समय में कैसे भ्रष्टाचार बढ़ता था और कैसे कांग्रेस की सरकारें जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रताड़ति करती थी। सैनी ने कहा कि आज पूरा देश मोदी जी के साथ खड़ा है और लोकतंत्र के इस महापर्व पर देश की जनता ने भाजपा को 400 पार करने की ठान ली है। मुख्यमंत्री ने आगे बढ़ते हुए कहा कि हरियाणा की जनता 10 की 10 सीटों पर कमल खिलाने जा रही है।


रविवार को कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में फरीदाबाद विधानसभा में आयोजित विजय संकल्प नामांकन जनसभा में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस हताश हो गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कहने के लिए कुछ नहीं है। कांग्रेस के पास ना नीति है और ना ही नेतृत्व है, जबकि भाजपा के पास नीति भी है और नरेंद्र मोदी जैसा लोकप्रिय, मजबूत तथा ईमानदार नेतृत्व भी है जिसे पर देश को गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व को त्योहार की मनाएं और अपना एक-एक वोट कमल के फूल पर दें।नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस नेरेटिव सैट कर रही है कि भाजपा और कांग्रेस में ही टक्कर है। उन्होंने कहा कि हताशा में कांग्रेस यह नहीं समझ पा रही है कि जनता कांग्रेस को पूरी तरह से नकार चुकी है।

---

### किरण चौधरी से मिले राव दान सिंह, एक घंटे तक चर्चा

**भिवानी।** मतदान में तीन सप्ताह से भी कम समय बचा है। सभी पार्टियों ने अपने उम्मीदवार चुनावी रण में उतार दिए। कोई उम्मीदवार जातिय समीकरण बैठाने में जुटा है तो कोई उम्मीदवार अपने रूठों को मनाने में लगे हुए है। इस बीच वर्करों की टोलियां भी अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदाताओं को करने में जुट गए है। जिसकी वजह से पिछले दो दिनों से चुनावी सियासी पारे ने भी गर्मी बढ़ा दी। अब फिर से भिवानी महेंद्रगढ़ के समीकरण बदलने जा रहे है। अब सभी गिले शिकवे भुलाकर रविवार को पूर्व सीएलपी लीडर किरण चौधरी व राव दान सिंह ने मंच साझा किया। करीब एक घंटे तक किरण चौधरी के आवास पर दोनों नेताओं की बातचीत हुई। बाद में दोनों नेताओं ने मिनी बाईपास पर आयोजित जनसभा का मंच साझा किया और किरण चौधरी ने कहा कि जुट जाओ दान सिंह के लिए। ताकि जीत तुम्हारी हो सके। बताते है कि सबसे पहले राव दान सिंह ने पार्टी कार्यालय में वर्कर मीटिंग बुलाई। उसके बाद सीधे पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के आवास पर पहुंचे और उन्होंने एक घंटे किरण चौधरी के साथ बैठक की और कई मुद्दों पर मंथन किया।

### कांग्रेस को राष्ट्रीय दल का दर्जा खत्म होने का डर सता रहा : मनोहर लाल



**चंडीगढ़ / पानीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भाजपा के अबकी बार चार सौ पार के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य भर में चुनावी अभियान जारी रहा। इस अभियान के सिलसिले में पानीपत में चुनावी सभा के संबोधन के दौरान इंडी गठबंधन के खिलाफ जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कहीं की ईंट,कहीं का रोड़ा,भानुमति ने कुनबा जोड़ा वाला इंडी गठबंधन तंत्र देश में अफवाह को हथियार बनाकर चुनाव लड़ रही है। इंडी के द्वारा भाजपा के चार सौ पार के अभियान पर सवाल खड़ा किया जा रहा है। लेकिन सच यह है इंडी का मुख्य घातक कांग्रेस में निश्चित हार से खलबली है। कांग्रेस को राष्ट्रीय दल का दर्जा खोने का डर अभी से सता रहा है। पिछली बार 52 सीटें जीतने वाली कांग्रेस इस बार 30 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 में विकसित भारत बनाकर विश्व गुरु बनेगा और पूरे विश्व में एक नंबर पर होगा।कांग्रेस को झूठ की फैक्ट्री बताते हुए भाजपा के स्टार प्रचारक मनोहर लाल ने कहा कि अपने घोषणा पत्र में गरीबों की बात करने वाली यह पार्टी अपने शासन काल में एक भी व्यक्ति को गरीबी रेखा से बाहर नहीं निकाल पाई। जबकि नीति आयोग के आंकड़े गवाह हैं कि पिछले दस सालों के मोदी की सरकार दौरान 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं।

### जजपा के सामने विपक्षी टिक नहीं पाएंगे : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि गर्मी के मौसम में लोकसभा चुनाव का पारा भी हाई हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन चुनावी मैदान में जेजेपी कार्यकर्ता मेहनत करके चुनावी पारे को बढ़ाते जाएंगे और एससी में रहने वाले कांग्रेस और बीजेपी वाले मैदान में टिक नहीं पाएंगे। वे रविवार को दादरी में भिवानी-महेंद्रगढ़ से जेजेपी उम्मीदवार राव बहादुर सिंह द्वारा आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की कर्मभूमि भिवानी-महेंद्रगढ़ के लोग विकास कार्यों को लेकर अजय चौटाला को याद करते थे। उन्होंने कहा कि हमने पूर्व गठबंधन सरकार में यहां सिंचाई और सड़कों के मामले में भिवानी और दादरी का खूब विकास किया।

### पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं: चौधरी

**चंडीगढ़ / गुरुग्राम।** रविवार को गुरुग्राम प्रदेश कार्यालय, गुरुकमल पर भाजपा की ओर से किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता रहे राजस्थान किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एंव सांसद अजमेर भगीरथ चौधरी एंव कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविन्द्र सिंह मांढ़ी ने की। मांढ़ी ने कहा कि भारतीय जानता पार्टी की रीति नीति को घर घर पहुंचाने का समय है, अब हम वीकली मंथली तारीख को पार कर चुके हैं, आने वाली 25 तारीख को हमारी की गई पढ़ाई का फाइनल एग्जाम है। हर कार्यकर्ता अपने आप को अपने गांव एंव अपने वार्ड तक सीमित कर गुरुग्राम की लोकसभा की सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराएं। कांग्रेस के शासन में हर जगह लूट थी। चाहे धरती हो आसमान हो या पाताल हो हर जगह लूट ही थी।

---

# लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह तय

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

लोकसभा मिशन 2024 की नामांकन प्रक्रिया चल रही है, अधिकांश प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पार्टियों के चुनाव चिन्ह तो तय हैं लेकिन निर्दलीयों के लिए इस बार चुनाव आयोग ने कुछ खास बदलाव के साथ में 190 चुनाव चिन्ह की व्यवस्था की गई है, महिलाओं के लिए खास चुनाव चिन्ह की व्यवस्था कर ली गई हैं, जिसमें श्रृंगार के सामान को भी चुनाव चिन्ह बनाया गया है।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से भी सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों को यह बात साफ कर दी है। उनको चुनाव चिन्ह के लिए उन्हें तीन विकल्प देने होंगे, उसमें से ही उन्हें निशान आवंटित किया जाएगा। आयोग ने निर्दलीय उम्मीदवारों को लेकर 190 चुनाव चिन्ह की व्यवस्था कर दी है, चिह्न को लेकर प्रत्याशी वोटरों की बीच में प्रचार करने जाते हैं।

**महिलाओं के लिए खास व्यवस्था:** महिला उम्मीदवारों के लिए आयोग ने श्रृंगार और किचन के सामान को भी चुनाव चिह्न दिए हैं, जिसमें चूड़ियां हीरा, बालियां, मोतियों का हार, अंगूठी, पर्स शामिल है। इसके अलावा ऊन और सिलाई, सिलाई मशीन, कैंची, फ्रिज, प्रेशर कुकर, ब्रेड टोस्टर, मिक्सी, माचिस की डिब्बी, लंच बॉक्स, गैस चूल्हा आदि भी चुनाव चिह्न हो सकते हैं।लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होने जा रहा है, प्रत्याशियों की ओर से नामांकन पत्र दाखिल करना की मुहिम चलाई हुई है। नेशनल पार्टी और राज्य स्तरीय पार्टियों के चुनाव चिह्न होते हैं, लेकिन इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए कुछ नए चुनाव निशान शामिल किए हैं।

### बुलडोजर के निशान से बनाई दूरी क्रेन और ट्रक का निशान

वैसे, चुनाव आयोग ने बुल्डोजर के निशान से दूरी बना ली है, भले ही यूपी में वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुलडोजर बाबा के नाम से मशहूर हो गए हों लेकिन चुनाव आय्रोग द्वारा इस निशान से दूरी बनाई गई है। इसके स्थान पर चुनाव आयोग द्वारा क्रेन, रोड रोलर और ट्रक का निशान रहेगा। चुनावी मुहिम में जुटे सियासी दिग्गजों को सब्जियों भिंडी, कटहल, तरबूज का चिह्न भी दिए जा रहे हैं। पूरे विश्व में देश-दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाले विश्व चैंपियन एथलीट नीरज चोपड़ा का भाला भी चुनाव चिह्न के रूप में दिया है।

### तीन विकल्प मांगने होंगे, जिसमें से एक मिलेगा

गाइडलाइन के अनुसार, नामांकन करने वाले निर्दलीय प्रत्याशियों को कम से कम तीन चुनाव चिह्न मांगने होंगे। उनमें से प्राथमिकता के आधार पर किसी एक चिन्ह आवंटित किया जाएगा। एक ही चुनाव चिह्न कई प्रत्याशियों ने मांगे तो ड्रा निकाला जाएगा। एयरकंडीशनर, अलमारी, सेब, ऑटो रिक्शा, गुब्बारा, बेल्ट, बेंच, दूरबीन, ब्लैकबोर्ड, डबल रोटी, ईंट, ब्रिफकेस, ब्रश, बाल्टी, केक, कैलकुलेटर, कैमरा, कैन, शिमला मिर्च, कारपेट, कैरम बोर्ड, फूलगोभी, सीसीटीवी कैमरा, जंजीर, चक्की, शतरंज, चिमनी, कोट, पैंट, टाई, फ्रॉक, कंप्यूटर, कंप्यूटर माउस, डीजल पंप, डिश एंटीना, डोली, बिजली का खंभा, बांसुरी, फुटबॉल खिलाड़ी, गन्ना किसानअदरक, अंगूर, हरी मिर्च, हारमोनियम, हेडफोन, हेलमेट, माइक, कड़ाही, मूंगफली आदि को भी चुनाव चिह्न बनाया है।

---

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

### सुनिश्चित पुरस्कार

701. श्री अदिविक राव सुपुत्र श्री सुधीर, गांव बवानिया, तह. कनीना, महेन्द्रगढ़, 702. श्री मुकेश कुमार सुपुत्र श्री लाल चंद, गांव भालखी, डा. व उप तह. मेनेठी, रेवाड़ी, 703. श्री संदीप सुपुत्र श्री रघबीर, गांव, बल्ला, कनीना, तह. कोसली, महेन्द्रगढ़, 704. श्री दयाराम सुपुत्र श्री शिम्भुदयाल, गांव बोचडिया, तह. नासौल, महेन्द्रगढ़, 705. श्री सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री रामदास, म.नं. 1293, सेक्टर 51, सोनीपत, 706. श्रीमति कोमल पुत्री श्री राजेश्वर, गांव सिसवाल, तह. आदमपुर, हिसार, 707. श्री रामकिशन सुपुत्र श्री तुलसीराम, गांव फजीपुर, सोनीपत, 708. श्री मीना सुपुत्र श्री ठंडीराम, चिडी, रोहतक, 709. कुमारी विभूति सानिया सुपुत्र श्री एसपी कलमाडी, गांव मानहेरू, भिवानी, 710. श्री सुप्रिया सिंह मूलोशिया सुपुत्र श्री अनिल कुमार, गांव बघराना, तह. बावल, रेवाड़ी, 711. श्री नेमीचन्द सुपुत्र श्री मामचंद, गांव व डा. नंदराम पुरबास, तह. धारूहेड़ा, रेवाड़ी, 712. श्री राजेश, गांव नंदरामपुर बास, तह. धारूहेड़ा, रेवाड़ी, 713. श्रीमति निधि रानी सुपुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद, गांव मुमताजपुर, पो. नागर, तह. कोसली, रेवाड़ी, 714. श्री हर्ष भूमि आहुजा पत्नी श्री टिंकू पत्नी सुनीता, राम मंदिर, न्यू जीवन नगर, सोनीपत, 715. श्री मनोहर टेलर्ज सुपुत्र श्री राय सिंह, रामदेव जी मंदिर, डाबड़ा, हिसार, 716. श्री केदार नाथ सुपुत्र स्व. श्री बनवारी लाल, आजाद मोहल्ला, कल्पना चौक के पीछे, भिवानी, 717. श्री बाबूराम त्यौंदवाल पत्नी श्री बिशम्भर दयाल, गांव सिलारपुर, डा. दुलोट जाट, तह. अटेली, महेन्द्रगढ़, 718. श्री आकाश दहिया सुपुत्र श्री कर्मबीर, गांव तिगड़ाना, भिवानी, 719. श्री संदीप कुमार सुपुत्र श्री चाँद सिंह, गांव व डा. रभड़ा, तह. गोहाना, सोनीपत, 720. श्रीमति ममता सिंह पत्नी श्री नरेश सिंह राजपूत, चरखान ढाणी, फूला देवी, स्कूल के पीछे, भिवानी, 721. श्री रामकला पत्नी श्री रामकुमार, गांव व डा. गुरावड़ा, रेवाड़ी, 722. श्री बजरंग लाल आलमाल सुपुत्र श्री केशोराम आलमाल, नया बाजार नीम चौक, आलमाल गली, भिवानी, 723. श्री रामबिलाश कौशिक सुपुत्र श्री दयानंद, शोरेवाली गली, जैन चौक, भिवानी, 724. श्री लालचंद सुपुत्र श्री चिम्मन लाल, नई आबादी, शिव चक्की के पास, रेवाड़ी, 725. श्री शौकीनदत्त सुपुत्र श्री रामनिवास, विशाल नगर, गली नं. 2, सोनीपत, 726. श्री अशोक सुपुत्र श्री रामपत, गोपालपुरा रोड, खरखौदा, वार्ड नं. 6, सोनीपत, 727. श्रीमति रामरती पत्नी श्री राजबीर सिंह, ब्रह्मा कॉलोनी, दिनोद रोड, भिवानी, 728. श्री मनोज कुमार पत्नी श्री प्रभाती रानी, गांव व पो. तिगडाना, भिवानी, 729. श्री ललित सुपुत्र श्री सतीश सैनी, वार्ड नं. 18, इंद्र गढ़ी, तह. गोहाना, सोनीपत, 730. श्री जयगोपाल सुपुत्र श्री रामचंद्र, म. नं. 14, नियर दुर्गा हाई स्कूल, बैंक कॉलोनी, भिवानी, 731. श्री तुलसीराम सुपुत्र श्री चंद्रकला, परसराम कॉलोनी, भाडावास रोड, नीयर बाला जी मंदिर, रेवाड़ी, 732. श्री मुन्नी रानी सुपुत्र श्री पुरुषोत्तम, किला रोड, नारनौल, महेन्द्रगढ़, 733. श्री कुसुमलता सुपुत्र श्री पवन कुमार, सोहसांडा, तह. लोहारू, भिवानी, 734. श्री बलजीत सिंह रोहिल्ला सुपुत्र श्री सुखबीर चंद्र रोहिल्ला, 2825, न्यू हाऊसिंग बोर्ड, सेक्टर 13, भिवानी, 735. श्री दिलबाग सिंह सुपुत्र श्री चंदगी राम, झोझू खुर्द, तह. चरखी दादरी, भिवानी, 736. श्री विवेक सुपुत्र श्री नारयण, गांव खाण्डा, तह. खरखौदा, सोनीपत, 737. श्री नरेश कुमार सुपुत्र श्री माड़ूराम, गांव गोपालवास, तह. चरखी दादरी, भिवानी, 738. श्री बाबूलाल सुपुत्र श्री शेरसिंह, दुकान नं. 40, आटा मार्किट, तह. नीमराना, रेवाड़ी, 739. श्री ओमप्रकाश श्री सुपुत्र रामकुमार, गांव मनेठी, रेवाड़ी, 740. श्री महेश कुमार सुपुत्र श्री रणवीर सिंह, गांव खानपुर खुर्द, तह. गोहाना, सोनीपत, 741. श्री कर्णसिंह सुपुत्र श्री खुशीराम, गांव खुरमपुर, डा. बरौना, तह. खरखौदा, सोनीपत, 742. श्री सेठपाल सुपुत्र श्री मांगेराम, सांगवान, तह. तोशाम, भिवानी, 743. श्री लक्ष्य, सुपुत्र श्री योगेश कुमार, वार्ड नं. 14, हनुमान ढाणी, तह. बवानी खेड़ा, भिवानी, 744. श्री शंकर लाल सुपुत्र श्री रामअवतार, हनुमान ढाणी, भिवानी, 745. श्री मनीष सुपुत्र श्री राजकुमार, जैन चौक, तेलीवाडा, भिवानी, 746. श्री सुरेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री बलबीर सिंह, बलबीर सिंह वेल्डिंग मेटोरियल, तह. गोहाना, सोनीपत, 747. श्री ओमप्रकाश खत्री सुपुत्र श्री खेम चन्द, भगत सिंह कॉलोनी, सोनीपत, 748. श्री जितेंद्र कुमार सुपुत्र श्री कृष्ण कुमार, नाहर रोड, रेलवे स्टेशन, तह. कोसली, रेवाड़ी, 749. श्री बिजेंद्र कुमार सुपुत्र श्री देवा सिंह, गांव जोझी चौहान, सोनीपत, 750. श्री कविता सुपुत्र श्री रमेश, गांव खांडा, सोनीपत।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019, 9253681020

## खबर संक्षेप

### अमेरिका भेजने के नाम पर 58.23 लाख की ठगी

**अंबाला।** एजेंट ने 4 युवकों को अमेरिका भेजने के नाम पर यमुनानगर के आढ़ती से 58.23 लाख रुपए ठग लिए। चारों युवकों को विदेश भेजने के लिए 40-40 लाख रुपए में डील हुई थी। धोखाधड़ी का शिकार हुए आढ़ती ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने कबूतरबाजी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्लाट बेचने के नाम पर ठगे नौ लाख रुपये

**यमुनानगर।** प्लाट बेचने के नाम पर शिवपुरी बी कॉलोनी निवासी मनजीत सिंह से नौ लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप आदर्श नगर कैंप निवासी रविंद्र कुमार पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने तय समय पर प्लाट की रजिस्ट्री नहीं कराई और न ही उसके रुपये वापस दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फर्जी दस्तावेज से बैंक से लिया 12 लाख का लोन

**यमुनानगर।** भारतीय स्टेट बैंक में फर्जी दस्तावेज जमा करवाकर जिला कैथल के गांव सोंघल निवासी दरबारा सिंह ने 12 लाख रुपये का लोन ले लिया। आरोपी ने बैंक में शिक्षा विभाग में नौकरी करने के झूठे दस्तावेज जमा करवाए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ पर केस दर्ज

**भूना।** गांव नाढोड़ी के एक घर में घुस कर नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी ईश्वर सिंह के खिलाफ पोक्सो एक्ट के साथ साथ आईपीसी की धारा 452, 354 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला को झांसे में लेकर जेवरात ठगे

**गुरुग्राम।** न्यू कॉलोनी एरिया के अर्जुन नगर में मंदिर से आ रही महिला को झांसे में लेकर दो युवकों ने उसके जेवरात ठग लिए। आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट भी की और उसे धक्का देकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

### केवाईसी अपडेट के नाम 3.75 लाख की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर थाना मानेसर एरिया में केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर युवक को पौने चार लाख रुपए की चपत लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

### नशे के इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने नशे के इंजेक्शन बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आमिर गांव धौज का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम सब इंस्पेक्टर सुनिल, एएसआई अमित, सिपाही अमित और सिपाही संदीप ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से अल्फ्ला कॉलेज के पास से काबू किया है।

---

मौसम: 11 मई के बाद पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से मिलेगी राहत

# तापमान 41 डिग्री पहुंचा, अभी और उतार चढ़ाव होगा, हीट वेव का प्रकोप भी जल्द

- गत वर्ष 5 मई अधिकतम तापमान 39 .5 डिग्री और न्यूनतम 19 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अप्रैल माह में मौसम में बार-बार बदलाव आता रहा। माह में कुछ दिनों को छोड़कर आसमान में आंशिक या घने बादल छाते रहे। कई स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई। मई माह में भी मौसम इसी तरह का बना हुआ है। आसमान में आंशिक बादलों का सिलसिला जारी है, परंतु तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी है। तापमान 42 डिग्री के आसपास पहुंच जाने से भारी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार मई माह के दूसरे सप्ताह में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। इसके बाद हीट वेव यानि लू का प्रकोप भी देखने को मिल सकता है। 11 मई के बाद पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता आंशिक या घने बादलों के साथ बरसात का कारण बन सकती है।

**गर्मी के कारण जरूरी न हो तो बाहर निकलने से बच रहे लोग**



रेवाड़ी। गर्मी के कारण रविवार को सूना पड़ा अनाजमंडी रोड। फोटो : हरिभूमि

बीते शनिवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भारी वृद्धि दर्ज की गई।

अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। रविवार को अधिकतम तापमान 41.5 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष 5 मई अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री और न्यूनतम 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बार-बार मौसम लगातार परिवर्तनशील बना रहा है। मई माह में भी आसमान में बार-बार बादल छा रहे हैं। रविवार को सुबह के समय भी बादल छाए रहे। दोपहर तक आसमान साफ होने के बाद भारी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। दोपहर के समय गर्मी के कारण लोग घरों से बाहर निकलना पसंद नहीं करते, जिससे सड़कों से लेकर बाजार तक वीरान हो जाते हैं। मौसम विभाग के अनुसार मई के पहले पखवाड़े में दो विक्षोभ सक्रिय होते नजर आ रहे हैं, जिससे 11 मई से आसमान में बादल छाने के बाद कहीं-कहीं हल्की या तेज बरसात के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। आसमान में बादलों के बावजूद तापमान बढ़कर 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जो हीटवेव का कारण बनेगा।

**गर्मी का प्रचंड रूप देखने को मिलेगा**

अनुसार आने वाले दिनों में दो कमजोर व एक मध्यम श्रेणी का पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होंगे। पहला विक्षोभ 7 मई को सक्रिय होगा, जबकि दूसरा 10 मई को सक्रिय होगा। कमजोर विक्षोभ की सक्रियता प्रचंड गर्मी का कारण बनेगी। 11 से 14 मई के बीच उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी से एनसीआर में हल्की से मध्यम बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है। इसके बाद तापमान में एक बार फिर गिरावट दर्ज की जा सकती है। -डा. **चंद्रमोहन**, मौसम वैज्ञानिक

**रातें भी होने लगी गर्म**

अभी तक रात के समय मौसम अनुकूल बना हुआ था। रात के तापमान में वृद्धि होने से अब लोगों को गर्मी रात के समय भी परेशान करने लगी है। रात का तापमान भी 20 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रह सकता है, जिस कारण लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। मौसम में आ रहे परिवर्तन के चलते आने वाले कुछ दिनों में ही लोगों को लू के प्रकोप का सामना भी करना पड़ सकता है। दूसरी ओर भारी गर्मी के कारण बिजली की खपत भी तेजी से बढ़ रही है।

---

शादी डॉटकाम से हुई पीड़िता की आरोपी से पहचान

# दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले को जम्मू-कश्मीर से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार की टीम ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी अरुण कुमार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के गांव डालिया का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी की पहचान उसके साथ शादी डॉटकाम से वर्ष 2023 में हुई थी। जिसके बाद आरोपी के साथ पीड़ित की 4-5 महीने बात हुई फिर आरोपी जुलाई माह में फरीदाबाद आया और पीड़िता से मिला और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और आरोपी महिला के साथ रहने लगा। जिसने महिला के बच्चों व उसके खर्चा देने की बात कही। आरोपी से महिला ने जब खर्चा मांगा तो आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी को



फरीदाबाद। आरोपित पुलिस गिरफ्त में

थाना कोतवाली पुलिस टीम एएसआई सोनिका, एएसआई रमेश मुख्य सिपाही अजय ने गिरफ्तारी के लिए आरोपी के गांव में गई जहां से पता चला की आरोपी सीआरपीएफ में नौकरी करता है। जिसकी ड्यूटी जम्मू कश्मीर में है। जहां से पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर फरीदाबाद लाई। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जुलाई माह में एक हीने की छुट्टी आया था रह कर बिताई थी।

In Loving Memory of



Smt. Reshma Harbaksh Singh Ji
02.07.1966 - 06.05.2023
[National Gen. Secretary, Forum for Awareness of National Security]

Your spirit is holding us tight from within,
that's why your presence is still ever so strong .
You are our moral compass ,
the joy of our childhood , our bedrock to leap into the future .
We Love you ever so deeply .
that One's heart could leap out of our chest.
And we speak for everyone, who came in touch
with you in your life that you are unforgettable,
and will remain beautiful in perpetuity .

In Remembrance
Sons- Vikkramaditya Singh, Singeshwar Singh and family
Mobile No. : 8104712288, 7738109926, 7837291933

---

# केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल के प्रिंसिपल पर छेड़छाड़ का आरोप, डीएसपी कर रहे जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नेशनल हाइवे स्थित गांव बड़ोपल के केन्द्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल पर महिला म्यूजिक टीचर ने स्कूल में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। इस बारे टीचर ने प्रिंसिपल के खिलाफ महिला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में महिला थाना पुलिस ने टीचर की शिकायत पर प्रिंसिपल सांवरमल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच डीएसपी जयपाल सिंह स्वयं कर रहे हैं। टीचर का कहना है कि उसके आरोप लगाने के बाद दूसरी महिला टीचर भी खुलकर सामने आ रही हैं। महिला टीचर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल में म्यूजिक टीचर के पद पर है। करीब 8 महीने पहले उसका इस स्कूल में ट्रांसफर हुआ था। 12 दिसंबर 2023 को स्कूल प्रिंसिपल सांवरमल ने अपने ऑफिस में स्कूल के किसी काम को लेकर उसे बुलाया और गंदी नजर से देखने लगा। टीचर ने शिकायत में कहा कि छुट्टी लेने पर एक दिन पहले प्रिंसिपल ने कहा कि आपको जब भी कोई निजी समस्या हो तो मुझे पर्ची में लिखकर दे दिया करो, मैं किसी को नहीं बताउंगा। इसके बाद प्रिंसिपल ने गंदा इशारा भी किया। टीचर ने कहा कि इसके बाद प्रिंसिपल ने मेरे घर के बारे में भी पूछा।

**पांच महिला टीचरों के बयान लिए गए**

डीएसपी जयपाल सिंह ने बताया कि मामले में एससी एसटी एक्ट होने के कारण जांच उनके पास है। शनिवार को पांच महिला टीचरों के बयान लिए गए हैं, बाकी के टीचरों के बयान सोमवार को लिए जाएंगे। केन्द्रीय विद्यालय की केन्द्रीय सेक्सुअल हैरासमेंट कमेटी आयेगी, उसकी रिपोर्ट भी ली जाएगी।

**आरोप बेबुनियाद**

प्रिंसिपल सांवरमल ने आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि वायु सेना में 14साल की नौकरी के बाद वे शिक्षा के क्षेत्र में आए। शिक्षकों के साथ ऐसे बर्ताव के बारे करना तो दूर वे सोच भी नहीं सकते। क्वालिटी शिक्षा देने का दवाब होता है, जिसके लिए सभी शिक्षकों से काम लेना होता है।

---

# अक्षय कुमार फरीदाबाद लोकसभा सीट के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए सामान्य पर्यवेक्षक 10 फरीदाबाद लोकसभा के लिए आईएएस अक्षय कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है। अगर किसी भी व्यक्ति को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव से संबंधित कोई भी समस्या अथवा शिकायत है तो वह सेक्टर-16 स्थित सर्किट हाउस में प्रतिदिन दोपहर 12 से 1 बजे तक उनसे मिलकर उनके समक्ष रख सकता है। इसके साथ ही मोबाइल नम्बर 9205362958 पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की परेशानी या शिकायत हो तो अविलंब सूचित करें। तुरन्त मामले का समाधान किया जाएगा।

---

# कैथल: कस्सी से वार कर पत्नी को उतारा मौत के घाट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के मानस रोड पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कस्सी से वार कर निर्मम हत्या कर दी। इस संबंध में मानस रोड कैथल के अमन ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह शहर में एक हेयर ड्रेसर कि दुकान पर काम करता है। शनिवार को दुकान से आया तो उस समय पिता लखा राम माता रानी के साथ झगड़ा कर रहे थे। वे दोनों को समझाकर करीब सवा तीन बजे अपनी दुकान पर चला गया था। उसके दुकानदार पवन कुमार का घर भी उसके घर के पास है। शाम करीब चार बजे पवन की पत्नी का फोन अमन के माता-पिता का घर पर झगड़ा हो रहा है, अमन को घर भेज दो। पुत्र मुख्तयार सिंह वासी डेरा बाजीगर पट्टी खोत कैथल के साथ बाइक पर सवार होकर घर आया और अपने मकान का गेट खोला तो देखा कि पिता अपने हाथ में कस्सी लिए हुए था और मेरी माता रानी के साथ झगड़ रहा था। उसके देखते-देखते पिता लखा सिंह ने मेरी माता रानी की गर्दन पर कस्सी से वार किए और कस्सी लगते ही माता खून से लथपथ हो गई। जब तक माता को संभाला तो माता की इतने में मौत हो चुकी थी। उसके पिता मौके पर ही फरार हो गए।



मृतका रानी की फाइल फोटो।

**कुल्हाड़ी मारकर युवक की हत्या**

**कैथल।** गांव अगोंध में हुई मारपीट में एक व्यक्ति ने कुल्हाडी से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। गुहला थाना में दी गई शिकायत में गांव अगौंध के पवनजीत सिंह ने बताया कि उसका 38 वर्षीय भाई नाहर सिंह गांव में अग्रेज सिंह के घर पर दूध लेने के लिए अपने सात साल के बेटे नवराज सिंह साथ पैदल गली से जा रहा था। उसके भाई ने श्रवण को कहा कि तू मजदूरी के एंडवास पैसे भी ले गया और मजदूरी के लिए मकान पर भी नहीं आ रहा है। इसी बात पर श्रवण ने तैश में आकर अपने पीछे छुपाई कुल्हाडी से भाई के सिर में व मुंह पर कातिलाना हमला किया। इससे भाई को काफी चोटें आई। उसी समय पिता मलूक सिंह भी मौके पर पहुंच गए। भाई की गंभीर हालत होने के बाद पटियाला में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुहला थाना के अमित कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

---

नौकरी लगवाने के नाम पर लिए थे पांच लाख

# गुहला के पूर्व विधायक फूल सिंह खेड़ी व दो बेटों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सदर पुलिस कैथल ने एक युवक को पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख की ठगी करने के आरोप में गुहला हलका के पूर्व विधायक फूल सिंह व उसके दो बेटों के खिलाफ मामला दज र्किया है। पुलिस को दि शिकायत में गांव ग्योंग के जिले सिंह ने बताया कि वह अपने पोते शिवचरण को नौकरी लगवाना चाहता है। इसे लेकर वह गुहला के पूर्व विधायक फूल सिंह से मिला। फूल सिंह ने उसको कहा था कि वह उसके पोते शिवचरण को हरियाणा पुलिस में नौकरी लगवा देगा। इसके लिए उसने पांच लाख रुपये की मांग की। उसने 21 अगस्त 2021 को आरोपी फूल सिंह व उसके दो बेटों को गांव ग्योंग में बुलाकर दो लाख रुपये नकद दे दिए थे। तीन दिन बाद बकाया के तीन लाख रुपये भी दे दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उस समय हरियाणा पुलिस की भर्ती निकली हुई थी, लेकिन उसके पोते को नौकरी पर नहीं लगाया गया। उसने आरोपित से पांच लाख रुपये मांगे तो उसने कई बार समय मांगा, लेकिन पैसे वापस नहीं किए। इसके बाद भी वह पंचायत लेकर आरोपित के घर गया था। आरोपियों ने उनके पैसे वापस नहीं किए।

**सभी आरोप निराधार**

पूर्व विधायक फूल सिंह खेड़ी ने बताया कि मेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। पुलिस की जांच में असल सचाई सामने आ जाएगी। वे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसपी से भी बातचीत करेंगे।

---

अंबाला में बच्चों को ट्यूशन छोड़ने गई थी महिला

# चोरों ने दिन दहाड़े घर से 15 तोले सोना और नकदी पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शातिर चोर दिन दहाड़े मौका मिलते ही एक घर से चोर 15-16 तोले सोने के जेवर, लगभग आधा किलो चांदी व 50 हजार रुपये चुरा ले गए। घटना अंबाला कैंट के प्रभु प्रेम आश्रम की है। घर में मौजूद महिला बच्चों को ट्यूशन छोड़ने के लिए गई थी। इसी बीच चोर घर में घुस गए। प्रभु प्रेम आश्रम की पूजा ने बताया कि मार्केट में उसके पति मनी अग्रवाल की इलेक्ट्रॉनिक आईट्म की दुकान है। शनिवार दोपहर को घर पर लाइट नहीं थी। दोपहर बाद 3 बजे तक इनवर्टर भी बंद हो गया था। पति दुकान पर व्यस्त थे। वह खाना देने के लिए दुकान पर गई थी। वापस साढ़े 4 बजे घर लौटी तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। कोई चोर उसके घर में सेंध लगा गया। पूजा ने बताया कि वैसे तो वह अपने घर पर रहती थी। शनिवार को बच्चों को ट्यूशन पर छोड़ दुकान पर चली गई। चोरों ने उसी समय का फायदा उठाया। वैसे तो घर पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैंलेकिन लाइट न होने की वजह से वे भी मौके पर बंद हो गए। उसने बताया कि वह शाम साढ़े 4 बजे जब घर आई तो मैन गेट का ताला लगा हुआ था, लेकिन अंदर कमरों के दरवाजों के ताले टूटे हुए मिले।



भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India
चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

क्या आप एक जागरूक मतदाता हैं?

डाउनलोड करें **नो योर कैंडिडेट (KYC) ऐप**, और अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक उम्मीदवार की उनके शपथ पत्र में दिए गए विवरण की जानकारी प्राप्त करें।

**एक जागरुक मतदाता बनें।**



'मतदान - मेरा कर्तव्य' फ़िल्म देखने के लिए QR कोड स्कैन करें

CBC 52101/13/0019/2425

लॉग ऑन करें: elections24.eci.gov.in

Android iOS
स्कैन और डाउनलोड करें **के वाई सी ऐप**

मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें **1950**

**मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और** अपने निर्वाचन क्षेत्र में **मतदान की तारीख जानने के लिए** QR कोड को स्कैन करें

#IVoteForSure | #MeraVoteDeshKeLiye

# रोज खुल रही देश में 500 से ज्यादा कंपनियां, बन रही अर्थव्यवस्था का हिस्सा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था इस समय तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत सरकार भी देश में इंडस्ट्री को बढ़ावा देने की हरसंभव कोशिश कर रही है ताकि लोग रोजगार मांगने के बजाय नौकरियां पैदा करने वाले बनें। इन कोशिशों का नतीजा लगभग हर मोर्चे पर दिखाई दे रहा है।

■ इनमें से 64 प्रतिशत अर्थात 16 लाख से अधिक कंपनियां सक्रिय है

देश की आर्थिक तरक्की का हिस्सा बनने के लिए भारतीयों में भी जबरदस्त उत्साह है। यही वजह है कि देश में कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। रोजाना देश में 500 से ज्यादा कंपनियां खुल रही हैं। वित्त वर्ष 2024 में अब तक देश में कुल 26 लाख से ज्यादा कंपनियां खुल चुकी हैं।

## वित्त वर्ष 2024 में अब तक 26 लाख से ज्यादा कंपनियां खुल चुकी

### महाराष्ट्र में रजिस्टर हुईं सबसे ज्यादा कंपनियां

सबसे ज्यादा 17.6 फीसदी नई कंपनियां महाराष्ट्र में रजिस्टर हुई हैं। 31 मार्च, 2024 तक देश में 5,164 विदेशी कंपनियां भी रजिस्टर थीं। इनमें से 3,288 कंपनियां (64 फीसदी) एक्टिव थीं। मार्च, 2024 में भारत में 67 फीसदी डायरेक्टर्स पुरुष और 33 फीसदी महिलाएं थीं। नए डायरेक्टर्स में से 43 फीसदी 31 से 45 उम्र के बीच हैं।



### 9 लाख से ज्यादा कंपनियां हुईं बंद

कॉरपोरेट मिनिस्ट्री के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के अंत तक देश में कम से कम 9,31,644 कंपनियां बंद हो गईं। इसके अलावा 2,470 निष्क्रिय थीं और 10,385 कंपनियां दिवालिया होने की प्रक्रिया में जा चुकी हैं। इसके साथ ही 27,022 कंपनियों को आधिकारिक रिकॉर्ड से हटाए जाने की प्रक्रिया चालू थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रजिस्टर हुईं 1,85,312 कंपनियों की कुल पूंजी 30,927.40 करोड़ रुपए थी। इनमें से 71 फीसदी सर्विस सेक्टर, 23 फीसदी इंडस्ट्रियल सेगमेंट और 6 फीसदी एग्रीकल्चर सेक्टर में शुरू हुई हैं।

### देश में 26 लाख से ज्यादा कंपनियां

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2024 के अंत तक देश में 26,63,016 कंपनियां खुल चुकी थीं। इनमें से 16,91,495 कंपनियां (64 फीसदी) सक्रिय भी हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश में 1.85 लाख से अधिक कंपनियां रजिस्टर्ड हुईं। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में काफी ज्यादा है। इस साल मार्च में ही लगभग 16,600 कंपनियां रजिस्टर हुई हैं। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में 1,59,524 कंपनियां रजिस्टर हुई थीं। इनकी पेड अप कैपिटल 18,132.16 करोड़ रुपए थी।

## खबर संक्षेप

### एनएसई के शुद्ध लाभ में 20 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 2,488 करोड़ रुपये रहा। एनएसई ने बयान में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय मार्च तिमाही में 34 प्रतिशत बढ़कर 4,625 करोड़ रुपये रही।

### टाइटन का शुद्ध लाभ 5% बढ़कर 771 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़कर 771 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 736 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बीते वित्त वर्ष जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर 11,472 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान तिमाही में 9,419 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,496 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 3,274 करोड़ रुपये था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**शिक्षा**

भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त COLLGE CODE : HR041
सरकारी शिक्षक व विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
D.Ed Spl. Ed. (IDD/HI) (द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम)
JBT/BTC/BSTC के समकक्ष
ANM 2 Year
DPT फिजियोथेरेपी 2 Year
D.Pharma एलोपैथी 2 Year
केवल RCI द्वारा निर्धारित फीस
DIRECT Admission OPEN
योग्यता : 10+2 50 प्रतिशत अंकों के साथ (General) एवम् 45 प्रतिशत अंकों के साथ SC/ST/PH
ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एण्ड रिहैबिलिटेशन सैन्टर
पटेल नगर, निकट शिव मन्दिर वाली गली, सोनीपत
CONTACT : 9813342781

## आईएमएफ में भारत के पूर्व कार्यकारी निदेशक भल्ला ने किया दावा

# युवाओं के नई नौकरी तलाशने की वजह से बेरोजगारी अधिक बढ़ी : अर्थशास्त्री


एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के पूर्व कार्यकारी निदेशक सुरजीत भल्ला ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में औसत आधार पर रिकॉर्ड संख्या में रोजगार का सृजन हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले सात-आठ साल में यह आंकड़ा करीब एक करोड़ तक पहुंच गया है।

भल्ला ने कहा कि 2004-13 (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल) के दौरान सबसे कम नौकरियां पैदा हुईं और तभी 'रोजगार रहित वृद्धि' शब्द आया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत रोजगार सृजन ऊंचे स्तर पर रहा है।

### वाजपेयी व मोदी के कार्यकाल में अधिक नौकरियां

भल्ला ने एक वीडियो साक्षात्कार में कहा, 'भारतीय इतिहास में पहले कभी औसत आधार पर इतनी अधिक नौकरियां पैदा नहीं हुईं। पिछले 7-8 वर्षों में लगभग एक करोड़ नौकरियां पैदा हुईं।' प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के पूर्व सदस्य भल्ला ने जोर देकर कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और मोदी के कार्यकाल के दौरान सबसे अधिक नौकरियां पैदा हुईं।





### भाजपा को मिल सकती है 330 से 350 सीटें

भल्ला ने अनुमान जताया कि सत्ताधारी भाजपा इन लोकसभा चुनावों में अकेले 330 से 350 सीटें प्राप्त कर सकती है। देश के सात चरण के लोकसभा चुनावों के लिए मतदान 19 अप्रैल से शुरू हुआ है। मतगणना चार जून को होगी।

■ मोदी सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड संख्या में रोजगार का सृजन
■ पिछले सात-आठ साल में यह आंकड़ा करीब एक करोड़ तक पहुंचा
■ 2022 में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत थी

### एफडीआई में गिरावट का कारण सरकार की नई नीति

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 2014 में सत्ता में आई और 2019 के आम चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ इसने फिर वापसी की। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की गति धीमी होने पर भल्ला ने कहा कि भारत में एफडीआई में गिरावट का एक महत्वपूर्ण कारण सरकार की नई नीति को माना जा सकता है, जिसमें कहा गया है कि यदि निवेश से संबंधित कोई विवाद है, तो उसे भारत में ही सुलझाना होगा।

### विदेशी निवेशक प्रत्यक्ष निवेश नहीं बढ़ा रहे

भल्ला ने कहा, 'अब, अगर मैं एक विदेशी निवेशक हूं, तो मुझे यह जोखिम क्यों लेना चाहिए? और मुझे नहीं लगता कि दुनिया में कहीं और ऐसा है।' उनके मुताबिक, विदेशी निवेशक अपना प्रत्यक्ष निवेश नहीं बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपना पोर्टफोलियो निवेश बढ़ा रहे हैं।

### शुद्ध एफडीआई प्रवाह में आई कमी

भल्ला ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि नई सरकार जो भी होगी वह इस नीति पर दोबारा विचार करेगी। हालांकि, मुझे विश्वास है कि नई सरकार भाजपा की होगी।' पिछले साल, अप्रैल-जनवरी, 2023-24 में कुल एफडीआई प्रवाह एक साल पहले के 61.7 अरब डॉलर से थोड़ा कम घटकर 59.9 अरब डॉलर रहा है। वहीं शुद्ध एफडीआई प्रवाह 25 अरब डॉलर से घटकर 14.2 अरब डॉलर पर आ गया है।

# दो साल में आवास ऋण बकाया 10 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



■ आरबीआई ने मार्च 2024 के लिए जारी किए आंकड़े
■ दबी मांग सामने आने की वजह से आवास ऋण बकाय में वृद्धि

आवास क्षेत्र के लिए बकाया ऋण पिछले दो वित्त वर्षों में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आरबीआई के 'बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण' आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

बैंकिंग और रियल एस्टेट क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने बताया कि कोविड महामारी के बाद आवासीय संपत्ति बाजार में दबी मांग सामने आने के चलते आवास ऋण बकाया में वृद्धि हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मार्च, 2024 के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण पर आंकड़ों के अनुसार आवास (प्राथमिकता क्षेत्र आवास सहित) के लिए बकाया ऋण मार्च, 2024 में 27,22,720 करोड़ रुपये था। यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 19,88,532 करोड़ रुपये और मार्च, 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपये था। आंकड़ों से यह भी पता चला कि वाणिज्यिक अचल संपत्ति के लिए बकाया ऋण मार्च 2024 में 4,48,145 करोड़ रुपये था। यह मार्च, 2022 में 2,97,231 करोड़ रुपये था। विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो वित्त वर्षों में घरों की बिक्री और कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण में उच्च वृद्धि आवासीय क्षेत्र के सभी खंडों में तेजी के चलते है। सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण की वृद्धि मजबूत बनी रहेगी, लेकिन उच्च आधार के कारण यह घटकर 15-20 प्रतिशत रह सकती है।

### आवास ऋण खंड में वृद्धि बनी रहेगी

जसूजा ने बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 से पहली श्रेणी के शहरों में 50-100 प्रतिशत के बीच मूल्य वृद्धि देखी गई है। इसके चलते प्रति संपत्ति औसत ऋण आकार में वृद्धि हुई। जसूजा को उम्मीद है कि आवास ऋण खंड में तेजी बनी रहेगी, क्योंकि आवासीय रियल एस्टेट की मांग मजबूत बनी हुई है।

# भारत ने कीटनाशक अवशेषों के लिए कड़े मानदंड अपनाए

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

■ खादय नियामक ने मसालों में कीटनाशक अवशेषों की रिपोर्ट की खारिज

सरकार ने रविवार को कहा कि भारत में खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों के लिए सबसे कड़े मानदंड हैं। इसके साथ ही खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि मसालों और जड़ी-बूटियों में उच्चस्तर के कीटनाशक अवशेषों की अनुमति है। इससे पहले हांगकांग के खाद्य नियामक ने दो प्रमुख भारतीय ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों के नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड की कथित उपस्थिति के कारण प्रतिबंध लगा दिया था। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) घरेलू बाजारों में बेचे जाने वाले एमडीएच और एवरेस्ट सहित ब्रांडेड मसालों के नमूने ले रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे इसके गुणवत्ता मानदंडों का अनुपालन करते हैं। प्राधिकरण निर्यात किए जाने वाले मसालों की गुणवत्ता निर्धारित नहीं करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि जोखिम मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न खाद्य उत्पादों में कीटनाशकों की अधिकतम मात्रा अलग-अलग होती है।



# वारेन बफेट को भारत में दिख रहे हैं निवेश के बड़े अवसर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वारेन बफेट की गिनती दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में की जाती है। दुनियाभर के निवेशक उम्मीद से उनकी ओर देखते रहते हैं। उन्होंने कई निवेश को मल्टीबैगर बनाकर दिखाया है। हर साल वह बर्कशायर हेथवे की सालाना मीटिंग को संबोधित करते हैं। वित्तीय जगत को इस इवेंट का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दौरान वारेन बफेट कंपनी के फ्यूचर प्लान, इनवेस्टमेंट, कॉरपोरेट गवर्नेंस और इकोनॉमी जैसे कई मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। इस साल उन्होंने भारत में निवेश के संकेत दिए हैं। वारेन बफेट ने कहा कि भारत में जबरदस्त अवसर हैं। हालांकि, उन्होंने भारत में निवेश का फैसला कंपनी के अगले मैनेजमेंट पर छोड़ दिया है। बर्कशायर हेथवे के सीईओ वारेन बफेट ने शेयरहोल्डर्स से कहा कि हम अभी तक भारत में एंट्री नहीं कर पाए हैं। वहां कई सारी संभावनाएं हैं। मगर, इस एशियाई देश के बारे में फैसला मैं नहीं लेना चाहता।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

### सरकार रैंकिंग बढ़ाने के लिए कर रही है वैश्विक कारोबार पर काम

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक अपनी पहली बिजनेस रेडी रिपोर्ट इसी साल सितंबर में जारी करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने भारत की रैंकिंग बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कारोबार विषय पर काम शुरू कर दिया है। बिजनेस रेडी विश्व बैंक की नई प्रमुख रिपोर्ट है जो दुनियाभर की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में कारोबारी माहौल और निवेश माहौल का मापन करती है।रिपोर्ट कंपनियों पर निर्देशित नियामकीय ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं को मापने का काम करती है। पहली बी-रेडी रिपोर्ट 25 सितंबर, 2024 को जारी की जाएगी। बिजनेस रेडी रिपोर्ट विश्व बैंक समूह के पूर्व के 'डूइंग बिजनेस इंडेक्स' की जगह लेगी। विश्व बैंक ने पिछली रिपोर्टों में आंकड़ों में बदलाव के संबंध में कई अनियमितताओं के बाद 2020 में अपनी 'डूइंग बिजनेस रिपोर्ट' के प्रकाशन को रोकने का फैसला किया था।

# वीआईटीई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

**वेल्लोर।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित हुए। बी.टेक में प्रवेश के लिए वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रवेश परीक्षा (वीआईटीईईई) की परीक्षा 19 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024 तक भारत के 125 शहरों और विदेश के छह शहरों (दुबई, कुवैत, मस्कट, कतर, कुआलालंपुर और सिंगापुर) में कंप्यूटर आधारित प्रॉक्टर्ड परीक्षा के रूप में आयोजित किया गया था। वीआईटीईईई-2024 में भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आवेदकों ने भाग लिया। परिणाम पोर्टल https:/ugresults.vit.ac.in/viteee पर उपलब्ध हैं, जिन्हें वीआईटी वेबसाइट www.vit.ac.in के माध्यम से भी देखा जा सकता है। प्रथम रैंक हरियाणा के रूपिंदर सिंह को, दूसरी रैंक राजस्थान के भानु महेश चेकुरी को, तीसरी रैंक आंध्र प्रदेश के ए.वेदान्थ को, चौथी रैंक असम की सुश्री आयुषी बैद को, पांचवीं रैंक उत्तरप्रदेश की सुश्री सानवी सिंह को प्राप्त हुई। महाराष्ट्र के अभिराज रमाकांत यादव को छठी रैंक, उत्तराखंड के चैतन्य रमेश बोचरे को सातवीं रैंक, उत्तर प्रदेश के विक्की कुमार सिंह को आठवाँ रैंक, हिमाचल प्रदेश के सोहन हाजरा को नौवाँ रैंक और दसवां रैंक बिहार के साहिल को मिला। बी.टेक में प्रवेश के लिए एक लाख रैंक के भीतर के आवेदक वीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, वीआईटी-वेल्लोर, वीआईटी-चेन्नई, वीआईटी-एपी एवं वीआईटी-भोपाल के संस्थानों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग में भाग लेने के पात्र हैं। रैंक वार काउंसलिंग का कार्यक्रम इस प्रकार है: रैंक 1-20,000 के लिए चरण 1, 7 से 10 मई, 2024 तक है; 18 से 21 मई, 2024 तक 20,001-45,000 रैंक के लिए चरण 2; चरण 3-29 मई से जून, 2024 तक रैंक 45,001-10,000 के लिए और चरण 4 रैंक 70,001-1,00,000 के लिए 9 से 12 जन, 2024 तक।



**सार्वजनिक सूचना**

बा अदालत ए.सी. प्रथम श्रेणी बादली

1. रणबीर, 2. सुखबीर व 3. शमशेर पुत्रान रतीराम पुत्र चंदगी, 4. गुरचरण सिंह, 5. दिलबाग सिंह व 6. दलवीर सिंह पुत्रान रघबीर सिंह पुत्र शिवदयाल और 7. प्रमोद कुमार पुत्र दलीप सिंह पुत्र हरनारायण निवासीयान गांव गुभाना ...फरीक अव्वल

बनाम

1. सौरभ सुमन व 2. शशांक शेखर पुत्रान सुरेंद्र झा निवासी वास्तु कुंज, दानापुर, पटना, बिहार ...फरीक दोयम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फरीक अव्वलगण ने आपके विरुद्ध उपरोक्त न्यायालय में खेवट नंबर-411//330 खाता नंबर-426 खसरा नंबर-103// 7/1 (9-0), 8/1 (7-9) किते 2 रकबा तादादी 16 कनाल 9 मरले बाका रकबा मौजा गुभाना, तहसील बादली, जिला झज्जर की तकसीम बाबत वाद दायर किया हुआ है। उपरोक्त सभी व्यक्तिगण को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वाद बारे कोई एतराज या आपत्ति है तो आगामी तारीख पेशी दिनांक 08/05/2024 को असालतन या अवालतन हाजिर होंवे। वरना एकतरफा कार्रवाई करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

हस्ता/-सहायक कलेक्टर
प्रथम श्रेणी बादली, झज्जर

## शब्द पहेली - 5502




**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

### शब्द पहेली -5501 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |






# रियल मैड्रिड ने जीता रिकॉर्ड 36वां ला लिगा खिताब

- 4 मैच शेष रहते बना चैंपियन
- 3-0 से केडिज को दी मात
- 34 मैच में मैड्रिड के 87 अंक

**बार्सीलोना।** रियल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार रात को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सीलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लिगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सीलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना की टीम अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
17 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप



### पुजारा के शतक से ससेक्स मजबूत

**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के नाबाद 104 रन की मदद से ससेक्स ने डर्बीशर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो मैच में पहली पारी में 111 रन की बढ़त बना ली है। पुजारा ने अपनी नाबाद पारी में 167 गेंद का सामना करते हुए 10 चौके मारे हैं। उन्होंने काउंटी सत्र के अपने तीसरे मैच में सत्र का पहला शतक जड़ा। शनिवार को डर्बी के काउंटी ग्राउंड में खेले गए मैच में डर्बीशर के पहली पारी के 246 रन के जवाब में ससेक्स ने पुजारा के शतक से पांच विकेट पर 357 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की।

### विवान शूट ऑफ में हारे ट्रैप निशानेबाज फेल



**नई दिल्ली।** विवान कपूर को शूट ऑफ में टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कोवार्ड-होली के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत का कोई भी ट्रैप निशानेबाज बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाया। विवान ने क्वालीफाइंग दौर में 120 अंक जुटाए थे और वह कोवार्ड-होली के अलावा आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के साथ फाइनल में छठे और अंतिम स्थान के लिए शूट ऑफ का हिस्सा थे।

### बुंदेसलिगा में स्टुटगार्ट से हारा बायर्न म्यूनिख



**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख को रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले से पहले बुंदेसलिगा फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में स्टुटगार्ट के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के दौरान बायर्न के राफेल गुरेरो चोटिल भी हो गए। गुरेरो संभवत: मांसपेशियों में चोट के कारण मुकाबले के बीच से बाहर हो गए और बुधवार को मैड्रिड के खिलाफ होने वाले निर्णायक मैच में भी उनका खेलना संदिग्ध है। बायर्न की ओर से एकमात्र गोल पेनल्टी पर हैरी केन ने 37वें मिनट में दागा जबकि स्टुटगार्ट की ओर से लियोनिडास स्टरगियो (29वें मिनट), जियॉग वू हिओंग (83वें मिनट) और सिलास (90 प्लस तीन मिनट) ने गोल किए। बोरूसिया डोर्टमंड ने ऑग्सबर्ग को 5-1 से रौंदकर मंगलवार को पेरिस सेंट जर्मन के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल की तैयारी की। कोलोन ने फ्राइबर्ग से गोल रहित ड्रॉ खेला जिससे उस पर रेलिगेशन (निचली लीग में खिसकना) का खतरा बढ़ गया है।

आईपीएल
जडेजा 43 रन बनाकर और तीन विकेट लेकर बने मैच के हीरो

# चेन्नई की जीत से शीर्ष चार में वापसी
# पंजाब से बदला पूरा, 28 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ धर्मशाला



चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को 28 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद सीएसके ने जीत का स्वाद चखा। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 167 रन बनाए और फिर पंजाब की पारी को नौ विकेट पर 139 रन पर रोककर टीम के खिलाफ चार दिन पहले मिली हार का बदला चुकता किया। सीएसके ने 11 मैच में छठी जीत के बाद तालिका में शीर्ष चार में अपनी वापसी की जबकि 11 मैचों में सातवीं हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

जडेजा ने 26 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन बनाने के बाद चार ओवर में महज 20 रन खर्च कर तीन विकेट झटके। सीएसके के लिए जडेजा के अलावा शानदार लय में चल रहे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का बल्ले से अच्छा योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की।जडेजा को टीम के अन्य गेंदबाजों का भी अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने दो-दो जबकि मिचेल सेंटनर और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाया।

### शशांक ने बनाए 27 रन


पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंद में 30 जबकि शशांक सिंह ने 20 गेंद में 27 रन पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन जोड़े। टीम के लिए राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 तो वहीं मध्यम तेज गति के गेंदबाज हर्षल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। अर्शदीप सिंह को दो जबकि कप्तान सैम कुरेन को एक सफलता मिली।

### नंबर-3 बनी सीएसके

इस जीत के साथ चेन्नई की टीम अंक तालिका में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके लखनऊ और हैदराबाद के समान अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट में बाकी दोनों टीमों से आगे है। इस जीत ने सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। चेन्नई का अगला मैच 10 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ है। वहीं, पंजाब की टीम नौ मई को धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम से भिड़ेगी।

### *मुंबई के खिलाफ जीत से मजबूत होगा हैदराबाद*

*मुंबई। आत्मविश्वास से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी। पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम राजस्थान रॉयल्स (16 अंक), कोलकाता नाइट राइडर्स (14 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (12 अंक) के साथ शीर्ष चार में शामिल है।*



## स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का रबाडा बो अर्शदीप | 09 | 07 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ का जितेश बो चाहर | 32 | 21 | 4 | 1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा हर्षल | 30 | 19 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे का जितेश बो चाहर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अली का बेयरस्टो बो कुरेन | 17 | 20 | 2 | 0 |
| जडेजा का कुरेन बो अर्शदीप | 43 | 26 | 3 | 2 |
| सेंटनर का कुरेन बो चाहर | 11 | 11 | 1 | 0 |
| शारदुल ठाकुर बो हर्षल | 17 | 11 | 2 | 1 |
| महेंद्र सिंह धोनी बो हर्षल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रिचर्ड ग्लीसन नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 167/9
गेंदबाजी : रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बराड़ 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सिंह का स्था. रिजवी बो जडेजा | 30 | 23 | 2 | 2 |
| जॉनी बेयरस्टो बो देशपांडे | 07 | 06 | 1 | 0 |
| रिली रोसेयु बो देशपांडे | 00 | 03 | 0 | 0 |
| शशांक का सिमरजीत बो सेंटनर | 27 | 20 | 4 | 0 |
| कुरेन का सेंटनर बो जडेजा | 07 | 11 | 0 | 0 |
| जितेश का धोनी बो सिमरजीत | 00 | 01 | 0 | 0 |
| आशुतोष का सिमरजीत बो जडेजा | 03 | 10 | 0 | 0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 17 | 13 | 2 | 0 |
| हर्षल का स्था. रिजवी बो सिमरजीत | 12 | 13 | 1 | 1 |
| राहुल चाहर बो शारदुल | 16 | 10 | 2 | 0 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 11 | 10 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 139/9
गेंदबाजी : सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शार्दुल 2-0-12-1

एलएसजी को 98 रन से हराकर केकेआर तालिका में शीर्ष पर



# कोलकाता ने लखनऊ को सीजन में दूसरी बार हराया

### नरेन ने बनाए 81 रन, राणा-चक्रवर्ती को 3-3 विकेट

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण के अर्धशतक और शानदार गेंदबाजी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मेजबान लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) को 98 रन से हरा दिया। एलएसजी के लिए टॉस जीतकर गेंदबाजी करने की योजना कारगर नहीं रही और केकेआर इकाना स्टेडियम में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गयी। बल्ले से फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए वेस्टइंडीज के नारायण ने 38 गेंद में 81 रन बनाये जिसमें सात छक्के और छह चौके जड़े थे। इससे केकेआर छह विकेट पर 235 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएसजी के बल्लेबाजों को शुरू से ही तेजी बरतनी पड़ी। लेकिन मेजबानों को बड़े शॉट लगाने में परेशानी हुई और टीम 16.1 ओवर में 137 रन पर सिमट गयी। पहले 10 ओवर में एलएसजी की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी जिसमें कप्तान केएल राहुल (25), अर्शिन कुलकर्णी (09), दीपक हुडा (05) और 'बिग हिटर' मार्कस स्टोइनिस (36) और निकोलस पूरन (10) शामिल थे। एश्टन टर्नर ने कुछ तेज शॉट लगाये और अपनी बल्लेबाजी कौशल दिखाने के मूड में दिख रहे थे। लेकिन ऐसा नहीं हो सका और यह आस्ट्रेलियाई वरूण चक्रवर्ती की गेंद पर उन्हें कैच दे बैठा। इस जीत से केकेआर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी। उसके राजस्थान रॉयल्स के समान 16 अंक हैं लेकिन उन्होंने एक मैच ज्यादा खेला है।

# महिला टी-20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल की घोषणा, भारत ग्रुप ए में शामिल

एजेंसी ▸▸ दुबई




भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा घोषित नौवें महिला टी20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में जगह बनाएंगी। ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।' मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है।

### श्रीलंका लौटे सीएसके के तेज गेंदबाज पाथिराना

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्सके तेज गेंदबाज मथीशा पाथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बचे हुए इस चरण से बाहर हो गए और वह जल्द ही चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे। पाथिराना ने अभी तक आईपीएल के इस चरण में छह मैच खेलकर 13 विकेट झटके हैं। सीएसके ने रविवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'चेन्नई सुपर किंग्स पाथिराना के जल्द ठीक होने की कामना करती है।' पाथिराना सीएसके के लिए अंतिम मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था जिसमें टीम 78 रन से जीती थी।



## स्वियाटेक ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब



**मैड्रिड।** इगा स्वियाटेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार देर रात को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियाटेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियाटेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। स्वियाटेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रहीं थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

# भारत और बांग्लादेश के बीच चौथा टी-20 आज

**सिलहट।** श्रृंखला में पहले ही विजयी बढ़त बना चुकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी कमियों का हल ढूंढने की कोशिश करेगी, विशेषकर बल्लेबाजी में। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली है लेकिन इस नतीजे से भारत की बल्लेबाजी की कमियां जाहिर नहीं होती।

इन तीन मैच में भारत की ओर से सिर्फ एक अर्धशतक लगा जब शेफाली ने तीसरे मैच में 51 रन की पारी खेली।

### शुभमन को बहुत कुछ सीखना है : मिलर



**बेंगलुरु।** शुभमन गिल को गुजरात टाइटंस की कप्तानी में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इस भूमिका के साथ तेजी से 'सामंजस्य' बैठा रहा है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में पिछले साल की उपविजेता और 2022 की चैंपियन टाइटंस की टीम गिल की कप्तानी में अंक तालिका में नौवें स्थान पर चल रही है और उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है।

# चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप



**चेंगडू।** चीन ने रविवार को यहां अपनी बादशाहत जारी रखते हुए इंडोनेशिया को हराकर 16वीं बार उबेर कप अपने नाम किया। चीन दो साल पहले बैंकॉक में दक्षिण कोरिया से फाइनल में हार गया था। उसने रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर खिताब जीता। इंडोनेशिया 2008 के बाद पहला उबेर कप फाइनल खेल रहा था। चीन के लिए ओलंपिक चैंपियन चेन यु फेई ने ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजंग को 21-7, 21-16 से हराकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद चेन किंग चेन और जिया यि फान की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने सिटी फादिया सिल्वा रामाधंती और रिब्का सुगियार्तो को 21-11, 21-8 से हराकर बढ़त 2-0 कर दी। युवा एस्टर नुरुमी ने इंडोनेशिया के लिए कड़ी चुनौती पेश की लेकिन चीन की ही बिंग जियाओ ने उबरते हुए 10-21, 21-15, 21-17 से जीत हासिल ली। चीन ने 16वीं बार उबेर कप जीत लिया।

# भारत की रिले टीम हीट पूरा करने में नाकाम

एजेंसी ▸▸ नासाउ



दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश के पैर में जकड़न के कारण बाहर होने से भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के पहले दौर के दौरान रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी हीट पूरी करने में विफल रही।

मोहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय चौकड़ी हीट नंबर चार में शीर्ष दो में रहकर पेरिस का टिकट पक्का करने की उम्मीद कर रही थी लेकिन रमेश ने अपना बायां पैर पकड़कर लड़खड़ाते हुए रेस बीच में ही छोड़ दी। अनस पहले चरण की दौड़ पूरी कर चुके थे। भारत के पास सोमवार को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के दौरान एक और मौका होगा जहां रविवार को अपनी-अपनी हीट में शीर्ष दो से बाहर रहने वाली अन्य सभी टीमें पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगी।

## चिंतन

# भारतीय क्षेत्र को अपना बताने का दुस्साहस नहीं करे नेपाल

नेपाल को कोई भी उकसावे वाले कदम नहीं उठाने चाहिए। चीनी प्रभाव में आकर भारत के प्रति किसी भी प्रकार का दुस्साहस नेपाल को ही भारी पड़ेगा। भारत प्रचीनकाल से नंपाल को सहयोग करता रहा है। दोनों देशों की संस्कृति भी एक है। नेपाल सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक रूप से भारत के बहुत करीब है। नेपाल की समूची अर्थव्यवस्था भारतीय सहयोग पर निर्भर है। इसलिए भारतीय क्षेत्र को अपने नोट में अंकित करना नेपाल की गरिमा के अनुरूप नहीं है। नेपाल ने जो नए नोट जारी किए हैं, जिन पर भारत के कुछ इलाकों को दर्शाया है, यह दुस्साहस ही है। नेपाल ने अपने नए नोटों में भारत के इलाकों-लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को दर्शाया है। नेपाल अपनी विदेश नीति तय करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन उसे अपनी सामरिक ताकत के हिसाब से ही चीजें करनी चाहिए। भारत के साथ संबंध बिगाड़ कर नेपाल अपना ही नुकसान करेगा। नेपाल के सामने श्रीलंका के हश्र का उदाहरण है, मालदीव की चीनपरस्ती के नतीजे का भी उदाहरण है। चीन का रिकार्ड रहा है, जो भी देश उसके करीब गया, उसके हिस्से आर्थिक तबाही ही आई। पाकिस्तान भी अच्छा उदाहरण है। चीन अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा के चलते छोटे देशों की संप्रभुता का सम्मान कर ही नहीं पाता है। चीन के अपने 13 सीमाई पड़ोसियों से सीमा विवाद है, नेपाल भी चीनी चाल को देख चुका है, दक्षिण चीन सागर में चीनी मनमानी सबके सामने है, फिलिपींस के साथ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चीन केस हार चुका है, ताइवान के साथ चीन का तनाव चरम पर है, शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि क्षेत्रों को चीन ने किस तरीके से अपने में मिलाया, यह उदाहरण भी नेपाल के सामने है, इसके बाद भी अगर नेपाल चीनी प्रभाव में आकर भारतीय क्षेत्र को अपने नोटों पर दिखाया है, तो यह उसके लिए आत्मघाती कदम है। भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा कि नेपाल भारतीय क्षेत्रों को अपना दिखाने की बचकानी हरकत करे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते बनाना जटिल होता है, अक्सर पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में राजनीति का भी ध्यान रखना पड़ता है। जयशंकर का इशारा साफ है कि नेपाल किस तरह की राजनीति के तहत ऐसा कर रहा है। नेपाल में जब जब चीन समर्थित कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनती है, भारत के खिलाफ दुष्प्रचार शुरू हो जाता है। इससे पूर्व में भी नेपाल ने अपने नक्शे में लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को दिखाया था। उस वक्त भी चीनी प्रभाव में ऐसा किया था। भारत व नेपाल के बीच हुई संधि के तहत स्पष्ट है कि ये तीनों क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग हैं, नेपाल को समझना चाहिए कि नक्शे में दिखा देने से या नोटों पर अंकित कर देने से भारत के क्षेत्र नेपाल के नहीं हो जाएंगे। भारत ने हमेशा कोशिश की है कि नेपाल को हरसंभव सहायता हमेशा मिलती रहे। नेपाल को अपनी कूटनीति के इतिहास को देखना चाहिए कि वह भारत के साथ किता सहज है, जबकि चीन ने नेपाल को कितना दंश दिया है। हिमालय क्षेत्र में चीन की अभी भी कई नेपाली हिस्से पर गिद्ध दृष्टि है। नेपाल की मंत्रिमंडल की बैठक में गत शुक्रवार को 100 रुपये के नोट पर नेपाल का नया राजनीतिक नक्शा छापने का फैसला किया गया है, जिसमें भारतीय इलाके लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को नेपाल के क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया है। भारत को यह कतई मंजूर नहीं है, भारत सरकार इस मसले पर राजयनयिक चर्चा कर रही है, पर नेपाल को संयम से काम लेना चाहिए, किसी के उकसावे में नहीं आना चाहिए। भारत के साथ कटुता नेपाल के लिए ही ठीक नहीं है।

## सारा संसार



भगवान विष्णु को समर्पित और 108 दिव्य देसमों में से एक, उलगलांथर पेरुमल मंदिर, कांचीपुरम शहर में कामाक्षी अम्मन मंदिर के बहुत पास स्थित है। मंदिर महान ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है।

## सियासत
राजेंद्र बज



# जाति आधारित राजनीति चिंताजनक

बहुत ही सुलझी हुई विचारधारा के साथ राष्ट्रनायकों ने समाजवादी परिकल्पना को साकार करने के निमित्त आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के कल्याण हेतु संवैधानिक रूप से विशेष प्रावधान किए। तत्कालीन देश काल और परिस्थिति के संदर्भ में यह कदम सर्वथा स्वागतयोग्य था। कालांतर में समर्पित तथा सुरक्षित मतदाता के रूप में लाभान्वित वर्ग को साधने और साधे रखने का राजनीतिक सिलसिला चल पड़ा। परिणामस्वरूप अल्पकालिक नीति को राजनीतिक स्वार्थसिद्धि के चलते बार बार दोहराया गया। वंचित वर्ग की घुटन, घुटन की अति से विस्फोटक रूप लेने लगी। मामला दो और दो चार की तरह स्पष्ट है। दरअसल सर्वहारा वर्ग के संपूर्ण कल्याण की पवित्र भावनाओं के साथ उठाए गए कदम का कोई विरोध नहीं था, लेकिन सत्ता के लिए की जाने वाली राजनीति के कर्णधारों ने समाज और समाज में अंतर की खाई को गहरा कर दिया। बेहतर होगा यदि राजनीतिक और सामाजिक प्रयासों से इस विषयक विरोधाभासों को दूर किए जाने के प्रयास किए जाएं। अन्यथा वर्ग संघर्ष का दंश विकसित भारत की राह में बाधक सिद्ध हो सकता है। अनेकता में एकता का हमारा सामाजिक तानाबाना, परस्पर सामाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण से परिपूर्ण रहा है, लेकिन निकृष्ट राजनीति के चलते परस्पर सामाजिक सद्भाव दांव पर लगता जा रहा है। इस संदर्भ में बद से बदतर स्थिति का आलम यह है कि जातिगत तथा वर्गीय आधार पर राजनीतिक संगठन गठित होने लगे हैं। यह निश्चित है कि यह संगठन आम नागरिकों के कल्याणार्थ क्रियाशील नहीं रहेंगे अपितु अपनी जाति या वर्ग के उत्थान को ही प्राथमिकता देंगे। कालांतर में जातिवादी राजनीतिक दलों की राजनीति तथाकथित अनेकता में एकता को तार-तार कर रख देगी। दरअसल समय रहते जाति व वर्गवाद की राजनीति को हतोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर सकारात्मक दृष्टिकोण से समुदाय विशेष के सर्वांगीण विकास हेतु सामाजिक ध्रुवीकरण के प्रयास स्वागत योग्य होते हैं। किंतु नकारात्मक मानसिकता के आधार पर सामाजिक संगठनों की राजनीति अत्यंत घातक सिद्ध होती है। नीति और सिद्धांतों पर आधारित राजनीति बीते समय की बात हो गई है। अलग-अलग जाति व वर्ग द्वारा अलग-अलग महापुरुषों को अपनी जाति व वर्ग का महानायक मान लिया गया है। प्रकारांतर से अलग-अलग समूह द्वारा अलग-अलग महापुरुषों का बंटवारा कर लिया गया है। यह स्थिति अत्यंत चिंता का विषय है। बेहतर हो यदि राजनीतिक दलों के आचरण एवं व्यवहार में भारतीय संविधान की मूल अवधारणा के अनुरूप आत्मसात की गई भावना स्पष्ट तौर पर दिखाई दे। इतिहास साक्षी है कि विभाजित समाज सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार सिद्ध नहीं कर सकता। दरअसल सामाजिक ढांचे को कुछ ऐसा गढ़ना होगा कि हर किसी के लिए कुछ कर गुजरने के समान अवसर उपलब्ध हो। निश्चित रूप से ऐसी ही कुछ परिकल्पना उन्होंने भी की होगी जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में तन मन धन से आहुति दी। बदलते संदर्भ में राजनीति के तौर तरीकों में भी आमूलचूल परिवर्तन करना होगा। अंग्रेजों की नीति अपनाने से क्षणिक राजनीतिक लाभ हो सकता है, लेकिन इसके दूरगामी परिणामों के मद्देनजर सामाजिक एकता और अखंडता के ताने-बाने को छेड़ना नहीं चाहिए। बेहतर हो यदि समय रहते इस विषयक संज्ञान लिया जाए, ताकि अन्यान्य कारणों से देश प्रदेश की प्रगति में कोई बाधा न आ सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



एआई
उमेश चतुर्वेदी

# तकनीक के प्रयोग की सीमा तय हो

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के गलत इस्तेमाल से अभी दुनिया जूझ ही रही थी कि इसका एक एक और चेहरा सामने आ गया। गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के जरिए चुनावी माहौल को बीजेपी के विरोध में मोड़ने की कोशिश एआई के बेजा इस्तेमाल का उदाहरण है। आरक्षण हटाने को लेकर शाह के वीडियो को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। अमित शाह का डीपफेक वीडियो बनाकर उसे पोस्ट किया गया, जिसके पीछे उनका मकसद अमित शाह को बदनाम करना था। एआई के प्रयोग ने न सिर्फ तकनीक, बल्कि राजनीति के विद्रूप चेहरे को उजागर किया है। यह भी जाहिर किया है कि तकनीक को एक सीमा के बाद काबू में रखा जाना चाहिए।

नामी हीरोइनों के डीप फेक फोटो के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) के गलत इस्तेमाल से अभी दुनिया जूझ ही रही थी कि इसका एक एक और चेहरा सामने आ गया। गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के जरिए चुनावी माहौल को बीजेपी के विरोध में मोड़ने की कोशिश एआई के बेजा इस्तेमाल का उदाहरण है। आरक्षण हटाने को लेकर शाह के वीडियो को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है।

गृह मंत्री अमित शाह का 'डीपफेक' वीडियो कथित तौर पर शेयर करने के लिए मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह वह प्रौद्योगिकी है जिससे एक वीडियो में छेड़छाड़ कर किसी ऐसे व्यक्ति के चेहरे को उसमें फिट किया जाता है जो उस वीडियो का हिस्सा ही नहीं होता। इस तकनीक के माध्यम से बनाए गए वीडियो में असली और नकली का अंतर बता पाना मुश्किल होता है। इस फर्जी वीडियो में अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते हुए कथित तौर पर नजर आ रहे हैं। अमित शाह के जिस भाषण से छेड़छाड़ की गई है, वह 25 अप्रैल का है। उस दिन वह तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में बीजेपी की चुनावी रैली में भाषण दिये थे। इस भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है। इसके बाद गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस मामले में बीजेपी की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने भी सोमवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि अमित शाह का डीपफेक वीडियो बनाकर उसे पोस्ट किया गया और इंटरनेट पर शेयर किया गया, जिसके पीछे आरोपियों का मकसद बीजेपी नेता अमित शाह को बदनाम करना था। शिकायतकर्ता ने पुलिस से डीपफेक वीडियो को तुरंत हटाने और उन आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का भी अनुरोध किया, जिन्होंने विभिन्न जातियों में दुश्मनी और नफरत पैदा करने के लिए इसे कथित तौर पर शेयर किया था। शिकायत के आधार पर महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ साइबर थाने में आईपीसी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। भारत आजादी की हीरक जयंती मना चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों से 2047 में देश के चहुंमुखी विकास की आए दिन बात करते हैं, लेकिन हमारी लोकतांत्रिक यात्रा को प्रौढ़ होना चाहिए था, लेकिन नहीं हो पाई। आज की राजनीति की ओर देखते हैं तो विनोबा की एक पंक्ति याद आती है। चारों तरफ सुराख ही सुराख हैं। आज की राजनीति के लिए सत्ता सबसे बड़ा लक्ष्य हो गई है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह हर तरह के काम करने को तैयार बैठी है। इस प्रक्रिया में वह न्यूनतम नैतिक आचरण की बुनियादी शर्त को भी झुठला रही है। इसमें वह आधुनिक तकनीक का सहारा भी ले रही है। मोटे तौर पर



देखें तो फेक बयान वाले वीडियो का मामला तकनीक की सीमाओं के विस्तार के साथ ही तकनीकी नैतिकता का सवाल भी उठाता है। इसे महान वैज्ञानिक आइंस्टाइन के सापेक्षिकता के सिद्धांत के जरिए समझ सकते हैं। अक्टूबर 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के आखिर में अमेरिका ने जापान के नागासाकी और हिरोशिमा पर जिन अणु बमों को गिराकर मानवता को भयंकर नारकीय चोट पहुंचाई थी, उनके निर्माण का आधार आइंस्टाइन का सापेक्षिकता का सिद्धांत ही था। मानवता को कराहते देख आइंस्टाइन ने कहा था कि अगर वे जानते कि उनकी खोज से ऐसा नरसंहार हो सकता है तो वे इस खोज को दुनिया के सामने ही नहीं लाते। लोकतांत्रिक व्यवस्था मोटे तौर पर संवैधानिक नियमों से चलती है। हालांकि संविधान की शायद ही कोई किताब होगी, जिसमें नैतिकता का जिक्र हुआ है। नैतिक आचरण की परिभाषा भी नहीं दी गई है। इसके बावजूद गतिशील लोकतंत्र की बुनियादी शर्त नैतिकता और शुचिता को स्वीकार करना है। बेशक राजनीति दांवपेच का खेल है। आज दुनिया ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सबसे बेहतर शासन व्यवस्था के रूप में स्वीकार किया है। इसके बावजूद हकीकत यह भी है कि दुनियाभर में सियासी फायदे के लिए दांवपेच लगाए जाते हैं, लेकिन इस उठापटक के खेल में भी न्यूनतम नैतिकता की उम्मीद दुनियाभर के मतदाता अपने राजनेताओं से रखते हैं। स्वाधीनता आंदोलन की कोख से उपजी भारतीय राजनीतिक दुनिया की पहली पीढ़ी की नैतिकता, ईमानदारी और आचरण की पवित्रता से जुड़े तमाम किस्से हम सुनते-पढ़ते रहे हैं। गांधी जी की ओर जब हम देखते हैं तो पाते हैं कि वे अक्सर नई तकनीक का विरोध करते नजर आते हैं। उनका यह विरोध तकनीक के ऐसे ही नकारात्मक इस्तेमाल की आशंका के चलते था। यह आशंका रोजाना सही साबित हो रही है। एआई के इस्तेमाल से राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने की शायद यह पहली कोशिश है। अब तक अराजक तत्व दंगे फैलाने, गलत सूचनाओं को सही साबित करने आदि के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते रहे हैं, लेकिन एआई के जरिए फेक सूचना और बयान को तैयार करके सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित करने का यह पहला मामला है। एआई से तैयार की जाने वाली सूचनाओं और बयान आदि की खासियत है कि ये हूबहू लगते हैं, लेकिन चूंकि मौजूदा दौर नैरेटिव को प्रसारित करने का है, वह गलत है या सही है, बाद की बात है। अमित शाह का फेक बयान एआई के जरिए तैयार करके प्रसारित करने का मकसद यह है कि जब तक उसकी सच्चाई सामने आए, अमित शाह चौंके, तब तक संदेश का नकारात्मक असर फैल चुका होगा। बहरहाल इस मामले की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने जिस तरह राजनीति की दुनिया की बड़ी हस्तियों को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा है, उसे लेकर राजनीति होनी शुरू हो गई है, लेकिन यह भी सच है कि अगर एआई के इस बेजा और फेक इस्तेमाल में बड़ी मछलियां फंसी तो भारतीय राजनीतिक तंत्र के इतिहास में यह बड़ा मामला होगा। राजनीतिक नैतिकता की गिरावट का भी यह बड़ा उदाहरण होगा।

राजनीति की दुनिया नैतिकता की सबसे ज्यादा बात करती है। चूंकि फेक बयान के मामले में शक राजनीति पर ही है और प्रभावित राजनीति ही है, इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि एआई के उपयोग को वैधानिक दायरे में बांधने और उसे नैतिक बनाने की कानूनी कोशिश राजनीति ही करेगी। एआई के इस्तेमाल को इसे नियम संयत बनाने और बेजा इस्तेमाल करने वालों के लिए समुचित दंड की व्यवस्था इस उदाहरण के बाद मदद मिलेगी। एआई के प्रयोग ने न सिर्फ तकनीक, बल्कि राजनीति के भी विद्रूप चेहरे को उजागर किया है। यह भी जाहिर किया है कि तकनीक को एक सीमा के बाद काबू में ही रखा जाना तो चाहिए ही, उसे नैतिकता के दायरे में भी कहीं ज्यादा कसा जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
**दर्शन**

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं।

# तुलसीदास ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
**प्रेरणा**

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जिसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री से पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय-जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया। परिवार की भी बात रह गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हंसना जरूरी, लेकिन बेवजह नहीं

सारी दुनिया में मई महीने के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है। हास्य योग के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया ने दुनिया, देश और समाज में हास्य की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से ही शायद 11 जनवरी, 1998 को मुंबई में विश्व हास्य दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। इस दिन दुनिया के बहुत से देशों में हास्य व्यंग्य, कविता, चुटकले और हंसने-हंसाने के बहुत से प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। टीवी, अखबारों और अन्य बहुत से साधनों द्वारा बहुत से हास्य कलाकार प्रोग्राम पेश करते हैं। जिंदगी में अगर हंसने-हंसाने को हम उतना जरूरी बना लें जितना खानपान, अन्य जरूरी कामों को बनाते हैं तो हमारी जिंदगी तनावमुक्त गुजरेगी। हंसना वो औषधि है जो किसी बीमार व्यक्ति को भी तंदुरुस्त करने में मददगार साबित हो सकती है। *- सोहन वर्मा, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# टाइम्स स्क्वायर पर भिन्न शैली की साड़ियों का प्रदर्शन

न्यूयॉर्क का प्रतिष्ठित 'टाइम्स स्क्वायर' सैकड़ों महिलाओं की भिन्न प्रकार और शैलियों की साड़ियों से सजा दिखायी दिया तथा भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ ही अन्य देशों की सैकड़ों महिलाओं ने यहां एक विशेष कार्यक्रम में साड़ियों की शाश्वत सुंदरता, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। 'टाइम्स स्क्वायर' में शनिवार को आयोजित 'साड़ी गोज ग्लोबल' कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ ही कम से कम उन नौ देशों की 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जहां नौ गज का यह परिधान लोकप्रिय है तथा उसे पसंद किया जाता है। इन देशों में बांग्लादेश, नेपाल, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, त्रिनिदाद और गुयाना शामिल हैं। खादी सहित विभिन्न प्रकार के कपड़ों पर उत्कृष्ट कढ़ाई एवं शैलियों वाली रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी हुईं महिलाओं ने गर्व से अपने संग्रह का प्रदर्शन किया, राष्ट्रीय ध्वज लहराए, एक साथ नृत्य किया, तस्वीरें लीं और अपनी साड़ियों, संस्कृति तथा विरासत के बारे में कहानियां साझा कीं। यह कार्यक्रम 'ब्रिटिश वुमेन इन साड़ी' ने उमा संगठन के साथ मिलकर आयोजित किया जिसमें संगीत, नृत्य और साड़ी 'वॉकथन' के जरिए साड़ी की शाश्वत सुंदरता का प्रदर्शन किया गया।



## ऑफ बीट

# हर कोई चाहता है आत्म-सम्मान

भले ही आपकी बात में कितना ही दम क्यों न हो, लेकिन किसी को समझाना-बुझाना यानी 'पर्सुएशन' इतना कठिन क्यों होता है?



दर्शनशास्त्री के तौर पर मैं पर्सुएशन में खासतौर पर रुचि रखता हूं। इसमें आपको न केवल यह पता होना चाहिए कि आपको किस तरह किसी को समझाना है, बल्कि यह जानना भी जरूरी है कि इसे बिना किसी हेरफेर के नैतिक रूप से कैसे किया जाए। मैंने इस बारे में सबसे गहरी अंतर्दृष्टि जर्मन दार्शनिक इमैनुअल कंट से पाई है, जिन पर मेरा शोध केंद्रित रहा है। कंट 300 साल पहले 22 अप्रैल 1724 में जन्मे थे। नीतिशास्त्र पर अपनी अंतिम पुस्तक 'द डॉक्टरीन ऑफ वर्च्यु' में कंट लिखते हैं कि जब हम किसी अन्य के विचारों को दुरुस्त करने का प्रयास करते हैं तो हर किसी का एक निश्चित कर्तव्य होता है। यदि हमें लगता है कि वे (विचार) गलत हैं, तो हमें उन्हें 'बेतुकापन' या 'खराब' कहकर खारिज नहीं करना चाहिए, बल्कि यह मानना चाहिए कि उनके विचारों में 'कुछ सच्चाई है।' कंट के कहने का मतलब है कि यह स्वीकार कर लेना कि हम जो नहीं जानते, वह अन्य लोग जानते हैं, एक विनम्रता की तरह लगता है। हालांकि यह इससे भी महत्वपूर्ण होता है।

## ट्रेंड

### सस्ती बिजली का लाभ



हमारा कार्य यह सुनिश्चित करना है कि परिवर्तन पर्याप्त तेज और निष्पक्ष हो - वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना, और 2030 तक सभी को सस्ती स्वच्छ बिजली का लाभ पहुंचाना।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### हमारा सामूहिक पाप



हैती मंगल ग्रह पर नहीं है. यह उसी पृथ्वी का एक हिस्सा है। पीड़ित हाईटियन एलियंस नहीं हैं; वे हम में से एक हैं। यह सामूहिक उदासीनता हमारा सामूहिक पाप है। यह एक पुरानी नैतिक ज़िम्मेदारी और जवाबदेही की कमी है।
-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### आत्मविश्वास से जीवन सिद्धि



ध्येयनिष्ठ एवं पुरुषार्थी साधकों के समक्ष कोई भी चुनौती उनके उत्साह और प्रगति को बाधित नही करती। जिन्होंने बड़े लक्ष्य निर्धारित कर लिए हैं, उनके जीवन में मान-सम्मान जैसी अवस्थाएं बाधाएं नहीं बनती। आत्मविश्वास से ही जीवन सिद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### आपने 10 साल में क्या बनाया



वे पूछते हैं कि 70 सालों में क्या किया? हमने आईआईएम बनाए, आईआईटी बनाई, एम्स बनाए, एचएएल, भेल बनाया, राष्ट्रीय महत्व के जिस संस्थान का नाम लीजिए, कांग्रेस ने बनाया। आपने 10 साल में क्या बनाया, ये क्यों नहीं बताते?
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## नासा ने शेयर की सौरमंडल के ग्रहों की अद्भुत तस्वीरें



# शनि के साथ पेरिडिया को बताया 'छल्ले वाला ग्रह'

नई दिल्ली(एजेंसी)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया पर सौरमंडल के ग्रहों की नई तस्वीरें पोस्ट की हैं। नासा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर पेरिडिया ग्रह की एक छवि के साथ शनि ग्रह की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसे नासा ने रिंग वाले ग्रह के समान बताया। नासा ने कहा कि हमारा सौर मंडल बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था। हालांकि, हमारे सौरमंडल के ग्रहों की तरह पेरिडिया ग्रह में भी कई समानताएं हैं।

### मंगल ग्रह पर टीले, पहाड़ और लाल रंग की जमीन



नासा ने पेरिडिया के बारे में आगे जानकारी दी और कहा कि यह एक्स्ट्रागैलेक्टिक ग्रह है जहां एज्रा ब्रिजर और ग्रैंड एडमिरल थ्रॉन को गायब कर दिया गया था, जिसे बाद में अहसोका तानो और सबाइन व्रेन ने पाया। नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा, मंगल ग्रह में टीलों, पहाड़ों और मैदानों के साथ सूखी लाल रंग की जमीन दिख रही है।

### शनि ग्रह के इर्द-गिर्द भूरे रंग के छल्ले, जो काले स्थान से घिरे

नासा ने पोस्ट में लिखा कि पेरिडिया हमारे सौर मंडल के सबसे भव्य दिखने वाले ग्रह शनि की तरह दिख रहा है। शनि का रंग भूरा दिखाई दे रहा है। इसके इर्द-गिर्द छल्ले भूरे रंग के हैं और काले स्थान से घिरे हुए हैं।

## मुरादाबाद में नीट परीक्षाः मेरा रोल नंबर...



### करीब 24 लाख ने दी परीक्षा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यूजी नीट 2024 की परीक्षा रविवार को हुई। रविवार को देश भर के 4750 केंद्रों पर नीट का एग्जाम लिया गया। करीब 24 लाख स्टूडेंट्स इस परीक्षा में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### व्हाइट हाउस के द्वार से टकराया वाहन, चालक की मौत : अमेरिकी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के एक द्वार से शनिवार रात वाहन के टकरा जाने के कारण चालक की मौत हो गई। अमेरिकी खुफिया सेवा ने कहा कि रात लगभग साढ़े दस बजे एक वाहन टकरा गया। मृत चालक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### सिप्ला और ग्लेनमार्क ने अमेरिका से 'बुलाई' दवाएं

नई दिल्ली। दवा निर्माता सिप्ला और ग्लेनमार्क विनिर्माण समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार से अपने उत्पाद वापस बुला रहे हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार न्यू जर्सी में सिप्ला की सहायक कंपनी इप्राट्रोपियम ब्रोमाइड और एल्ब्युटेरोल सल्फेट इनहेलेशन सॉल्यूशन के 59,244 पैक वापस ले रही है। लॉट को वापस बुलाने का कारण शॉर्ट फिल है।

### ईरान-इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहें

नई दिल्ली। भारत ने ईरान और इजराइल की यात्रा पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है। विदेश



मंत्रालय ने नागरिकों को ईरान और इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावासों के संपर्क में रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के ने कहा कि ईरान-इज़राइल ने कई दिनों से हवाई क्षेत्र खोल दिया है।

### ड्यूटी में सो गया स्टेशन मास्टर, आधे घंटे तक इंतजार करती रही ट्रेन

नई दिल्ली(भाषा)। स्टेशन मास्टर के ड्यूटी के दौरान सो जाने के कारण उत्तर प्रदेश में इटावा के पास उदी मोड़ रेलवे स्टेशन पर पटना-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन करीब आधे घंटे तक हरी झंडी का इंतजार करती रही। आगरा रेलवे मंडल ने शुक्रवार को हुई इस घटना को गंभीरता से लेते हुए स्टेशन मास्टर से इस लापरवाही का कारण बताने को कहा है जिसके परिणामस्वरूप कोई अप्रिय घटना हो सकती थी। आगरा रेलवे मंडल की जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा कि हमने स्टेशन मास्टर को आरोप पत्र जारी किया है।

## जयशंकर की पीएम ट्रूडो को खरी-खरी

# भारत पर आरोप लगाना कनाडा की मजबूरी, वोट बैंक की राजनीति

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत पर अलग-अलग आरोप लगाना कनाडा की राजनीतिक मजबूर है। वहां अगले साल चुनाव होने हैं, इसलिए देश में वोट बैंक राजनीति चल रही है। इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है। भुवनेश्वर में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने यह बात कही। दरअसल, कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में शुक्रवार को 3 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया था। कनाडा की पुलिस ने आशंका जताई थी कि भारत ने इन लोगों को निज्जर को मारने का काम सौंपा था। इस पर जयशंकर ने कहा कि हम इंतजार कर रहे हैं कि कनाडा गिरफ्तार हुए भारतीयों के बारे में जानकारी साझा करे। हमें बताया गया है कि वे तीनों किसी गैंग से संबंध रखते हैं। यह कनाडा का आंतरिक मामला है और मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। विदेश मंत्री ने कहा कि कनाडा में भारत के खिलाफ काम करने वाले लोगों को पनाह दी जाती है।

### खास बातें

- ओडिशा में 'वाय भारत मैटर्स' कार्यक्रम में लिया भाग
- निज्जर हत्याकांड में गिरफ्तारी उनका आंतरिक मामला : जयशंकर
- कनाडा में पकड़े भारतीयों के बारे में जानकारी साझा करे

### 'नेपाल के एकतरफे फैसले से हकीकत नहीं बदलेगी'



नेपाल के 100 रुपए के नए नोट में भारत के 3 इलाके लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को नेपाली मैप में दर्शाया गया है। इस पर जयशंकर ने कहा कि नेपाल के साथ बॉर्डर मामलों को लेकर हमारी चर्चा चल रही है। इस बीच नेपाल द्वारा उठाया गया यह कदम एकतरफा है। इससे जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी। चीन के साथ रिश्तों पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा, ३पिछले 4 साल में चीन ने एलएसी पर सैनिकों की तैनाती बढ़ाई है। उन्होंने भारत पर दबाव बनाया है। काउंटर करने के लिए भारत के भी हजारों सैनिकों को वहां तैनात किया गया है।

### 'ट्रूडो के पास समर्थन नहीं, सत्ता के लिए खालिस्तानियों पर निर्भर'

खासकर जो लोग पंजाब से हैं, वे कनाडा से ऑपरेट करते हैं। खालिस्तान समर्थक लोग कनाडा के लोकतंत्र का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। वे आज कनाडा का वोट बैंक बन गए हैं। कनाडा में सत्ताधारी पार्टी के पास संसद में बहुमत नहीं है। ऐसे में कई पार्टियां सत्ता में आने के लिए खालिस्तानी समर्थकों पर निर्भर हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि हमने कई बार कनाडा से कहा है कि ऐसे लोगों को वीजा न दें, उन्हें देश की राजनीति में शामिल न करें। वे लोग कनाडा, भारत और दोनों देशों के रिश्तों के लिए परेशानी पैदा कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने इसके लिए कुछ नहीं किया। भारत ने खालिस्तान समर्थक 25 लोगों को भारत प्रत्यर्पित करने की मांग की थी, लेकिन उन्होंने यह भी नहीं माना।

### भारतीयों की गिरफ्तारी के बाद बोले-ट्रूडो कानून के शासन वाला देश कनाडा

टोरंटो(एजेंसी)। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तान अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी के एक दिन बाद



कहा कि कनाडा 'कानून के शासन वाला देश' है और यहां एक मजबूत व स्वतंत्र न्याय प्रणाली तथा अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए मौलिक प्रतिबद्धता है। कनाडा के नागरिक निज्जर की 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एडमोंटन में रहने वाले भारतीय नागरिकों करण बरार (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करनप्रीत सिंह (28) को हत्या और हत्या की साजिश के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### ब्राजीलः भारी बारिश-बाढ़ से 58 की मौत, कई पुल टूटे व 70 हजार बेघर

साओ पाउलो (एजेंसी)। ब्राजील के दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश , बाढ़ और भूस्खलन के कारण हालात खराब हो गए हैं। स्टेट डिफेंस एजेंसी के मुताबिक बाढ़ के कारण अब तक 58 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 74



से ज्यादा लोग घायल है। बाढ़ के कारण करीब 70 हजार से ज्यादा लोगों अपना घर छोड़ना पड़ा है। इसके अलावा 67 लोगों के लापता होने की खबर है। बाढ़ के कारण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य का पोर्टो एलेग्रे शहर सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। सोमवार से रियो ग्रांडे डो सुल में आ रहे तूफानों की वजह से 300 नगर पालिकाएं प्रभावित हुई हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, बचावकर्मी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### कोलकाता पुलिस के किसी भी समन को नजरअंदाज करें : राज्यपाल बोस

कोलकाता (भाषा)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने रविवार को राजभवन के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे उनके खिलाफ एक महिला कर्मचारी की छेड़छाड़ की शिकायत के संबंध में कोलकाता पुलिस के किसी भी पत्राचार को नजरअंदाज करें। यह निर्देश कोलकाता पुलिस द्वारा राज्यपाल के खिलाफ महिला के आरोप की जांच के लिए एक जांच दल गठित करने के बाद आया है। बोस ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "यह स्पष्ट है कि संविधान के अनुच्छेद 361(2) और (3) के मद्देनजर, राज्य पुलिस किसी भी तरह से राज्यपाल के खिलाफ पूछताछ/जांच/किसी भी प्रकार की कार्यवाही शुरू नहीं कर सकती है।

- महिला कर्मी की शिकायत पर गर्वनर के निर्देश



### एयर इंडिया दिल्ली-ज्यूरिख के लिए 16 जून से भरेगी उड़ान

नई दिल्ली(एजेंसी)। नई दिल्ली। एयर इंडिया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए सीधी उड़ान सेवा 16 जून से शुरू करेगी। उड़ानों का संचालन हफ्ते में 4 दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगा। इस उड़ान के लिए बोइंग 787 विमान का उपयोग किया जाएगा। इसमें 'इकोनोमी' और 'बिजनेस' श्रेणी होंगी। एयर इंडिया यूरोप के 6 शहरों- एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस और वियना के लिए 60 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है।

### सोना तस्करीः अफगान डिप्लोमैट का इस्तीफा

मुंबई/काबुल। मुंबई एयरपोर्ट पर 25 किलो सोने की तस्करी करते पकड़ी गई अफगानी डिप्लोमैट ने



इस्तीफा दे दिया है। 25 अप्रैल को डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) विभाग ने भारत में मौजूद अफगानिस्तान की कॉन्सुल जनरल जाकिया वर्दाक को 1-1 किलो के सोने के 25 बार्स के साथ पकड़ा था। वे इन्हें दुबई से भारत लाई थीं।

### लंदन के फिर मेयर बने पाक मूल के सादिक

लंदन। पाकिस्तानी मूल के नेता सादिक खान ने लंदन के मेयर पद का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने




रिकॉर्ड तीसरी बार लंदन के मेयर पद के लिए चुनावों में जीत दर्ज की है। इससे पहले वे 2016 और 2021 में लंदन के मेयर पद का चुनाव जीत चुके हैं। खान ने प्रतिद्वंदी और कंजर्वेटिव पार्टी की नेता सूजैन हॉल को 2. 5 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया।

## एफएसएसएआई का दावा-मसालों में दस गुना ज्यादा कीटनाशक तो बिल्कुल नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




मसालों में कीटनाशक मामले पर आई सफाई




भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 10 गुना ज्यादा पेस्टीसाइड को मंजूरी देने वाली खबरों पर सफाई जारी की है। उसने उन सभी मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया है जिसमें यह दावा किया जा रहा था कि भारतीय फूड कंट्रोलर ने जड़ी-बूटियों और मसालों में तय मानक से 10 गुना ज्यादा कीटनाशक मिलाने की मंजूरी दी है।

एफएसएसएआई ने कहा कि ऐसी खबरें झूठी और बेबुनियाद हैं। एक प्रेस जारी कर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि भारत में अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) यानी कीटनाशक मिलाने की सीमा दुनियाभर में सबसे कड़े मानकों में से एक है।

### आईबी और आरसी से मिले आंकड़ों की करता है जांच

एफएसएसएआई का कीटनाशक अवशेषों की जांच के लिए बनाया गया साइंटिफिक पैनल सीआईबी और आरसी से मिले आंकड़ों को जांचता है। सभी खतरे से जुड़े आंकड़ों की जांच के बाद एमआरएल तय किए जाते हैं। केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और रजिस्ट्रेशन कमेटी से रजिस्टर्ड कुछ कीटनाशक है।

## भाजपा नेताओं की हत्या की साजिश, मौलवी गिरफ्तार

- गुजरात क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार,कई नेताओं को मारने को एक करोड़ की सुपारी ली

सूरत(एजेंसी)। भाजपा और हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में सूरत से मौलवी मोहम्मद सोहेल उर्फ अबु-बकर तीमोल को गुजरात क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के निशाने पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा, तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह, हिंदू सनातन संघ चेयरमैन उपदेश राणा और सुदर्शन टीवी के चीफ एडिटर सुरेश चव्हाण थे।

सूरत पुलिस के मुताबिक, 27 साल का मौलवी मोहम्मद सोहेल मदरसे का टीचर भी है। वो पिछले दो साल से पाकिस्तान के डोंगर और नेपाल के शहनाज के साथ व्हाट्सएप के जरिए संपर्क में था। उपदेश राणा की हत्या के लिए 1 करोड़ सुपारी की भी चैट में चर्चा हुई है। सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने कहा- आरोपित को पाकिस्तान और नेपाल के लोगों के साथ एक हिंदू संगठन के नेता की हत्या के लिए 1 करोड़ की सुपारी देने और पाक से हथियार खरीदने की साजिश रचते हुए पाया गया। गिरफ्तार आरोपित पाक, वियतनाम, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, लाओस जैसे विभिन्न देशों के कोड वाले व्हाट्सएप नंबर के संपर्क में था।

## रिसर्च में दावा, इस बार लू चलने के दिन अधिक

तेलंगाना, ओडिशा और कर्नाटक में 45 डिग्री तापमान पहुंचा

# देश में गर्मी का लगातार बढ़ रहा असर सात राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश में गर्मी का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ समेत देश के 7 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना शामिल हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों में दो दिन बाद लू का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र में तापमान 42 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। वहीं, तेलंगाना, ओडिशा और कर्नाटक में टेम्परेचर 45 डिग्री तक पहुंचा। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। देश में कई शहरों में बीते कुछ दिनों से हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। इस बार हीटवेव के दिन भी अधिक हैं।

### रिसर्च में 10 शहरों में 2008 से 2019 का आंकडा

एक रिसर्च में दावा किया गया है कि लगातार हीटवेव बनी रहने से जान का खतरा बढ़ जाता है। स्वीडन के इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायरनमेंटल मेडिसिन, नई दिल्ली के सेंटर फॉर क्रॉनिक डिसीज कंट्रोल, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च की रिसर्च के मुताबिक, हीटवेव लगातार 2 दिन से अधिक समय तक बनी रहती है, तो मौतों में 14.7% तक का इजाफा होता है। इस रिसर्च के लिए देश के 10 शहरों में 2008 से 2019 के बीच सभी कारणों से होने वाली मौतों और सैटेलाइट से औसत तापमान का डेटा लिया गया।

### इस्कॉन आईजीसी के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण का निधन

मथुरा(एजेंसी)। इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन हो गया है। रविवार सुबह देहरादून में उनका निधन हुआ। गोपाल कृष्ण दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास



कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके फेफड़ों में पंक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों व वृंदावन सहित विश्व के सभी मंदिरों में शोक की लहर है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25